शब्दबाणों का प्रहार

# राष्ट्रबाण

सिवनी

संपादकः संजय बघेल

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

रविवार 13 जुलाई 2025 • वर्ष : 10 • अंक : 100 • पृष्ठ : 08 • मूल्य : 5.00 रुपए

E-PAPER : www.rashtrabaan.in  www.facebook.com/rashtrabaan  www.twitter.com/rashtrabaan




## न्यूज ब्रीफ

### दिल्ली के सदर बाजार इलाके में दुकान में आग लगी

**नईदिल्ली।** दिल्ली के सदर बाजार में एक दुकान में शनिवार दोपहर आग लग गई। घटना के कई वीडियो सामने आए हैं, जिसमें दुकान में से काला धुआं निकलता नजर आ रहा है। फायर बिग्रेड की 10 गाड़ियां मौके पर हैं। आग बुझाने का काम जारी है।

### सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम का सफलतापूर्वक परीक्षण

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गगनयान मिशन के लिए सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम (एसएमपीएस) का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इसरो ने शनिवार को बताया कि इस सिस्टम के सभी जरूरी परीक्षण भी पूरे कर लिए गए हैं। शुक्रवार को इस सिस्टम का 350 सेकंड (करीब 6 मिनट) तक एक बड़ा परीक्षण किया गया। इसका मकसद यह देखना था कि अगर उड़ान के दौरान कोई गड़बड़ी हो जाए और मिशन को बीच में रोकना पड़े तो यह सिस्टम सही तरीके से काम कर पाएगा या नहीं। गौरतलब है कि गगनयान मिशन भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है। इसरो ने एक बयान में कहा कि हॉट परीक्षण के दौरान प्रोपल्शन सिस्टम का प्रदर्शन पूर्वानुमानों के अनुसार सामान्य रहा।

### अमरनाथ यात्रा के दौरान यात्री लापता; सर्च ऑपरेशन शुरू

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के रेलपतरी में अमरनाथ यात्रा के दौरान लापता हुए एक यात्री की तलाश के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया है। आशंका है कि यात्री रास्ते में एक नाले में गिर गया। लापता यात्री की पहचान सुरिंदर पाल अरोड़ा के रूप में हुई है, जो लुधियाना के रहने वाले हैं और गैन चंद अरोड़ा के पुत्र हैं। वह अमरनाथ गुफा की ओर जाते समय छेश्मा पॉइंट के पास अचानक लापता हो गए। जानकारी मिलते ही जम्मू-कश्मीर आर्म्ड पुलिस, एसडीआरएफ, आईटीबीपी और स्थानीय पुलिस की टीमें एक साथ मौके पर पहुंचीं और संयुक्त सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

### हल्दीराम के डायरेक्टर से 9.5 करोड़ रुपए की ठगी, मामला दर्ज

**मुंबई।** मिठाई-नमकीन बनाने वाली प्रमुख कंपनी हल्दीराम के एक डायरेक्टर से मुंबई के चार लोगों ने 9.38 करोड़ की ठगी की। इन्होंने निवेश पर ऊंचे रिटर्न का वादा किया था। आरोपियों की पहचान बांद्रा निवासी समीर अब्दुल हुसैन लालानी (51), पत्नी हीना लालानी (47), बेटे अलीशान लालानी (25) और ठाणे के कल्याण निवासी प्रकाश भोसले के रूप में हुई है।

# दोनों इंजन बंद हुए; एक पायलट ने दूसरे से पूछा- तुमने फ्यूल बंद किया, जवाब- नहीं

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश- 15 पेज की रिपोर्ट में खुलासा

नई दिल्ली। एजेंसी

**अहमदाबाद** प्लेन हादसे के एक महीने बाद शुरुआती जांच रिपोर्ट आ गई है। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने 12 जुलाई को 15 पेज की रिपोर्ट सार्वजनिक की। प्रारंभिक जांच के मुताबिक यह हादसा विमान के दोनों इंजन बंद होने की वजह से हुआ था।

टेकऑफ के तुरंत बाद एक-एक करके दोनों फ्यूल स्विच बंद हो गए थे, इस वजह से दोनों इंजन भी बंद हो गए। इस दौरान कॉकपिट की रिकॉर्डिंग से पता चला है कि एक पायलट ने दूसरे से पूछा था कि क्या तुमने स्विच बंद किया है? दूसरे ने जवाब दिया, नहीं। अमेरिकी मीडिया न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक्सपर्ट के हवाले से कहा है कि रिपोर्ट में शामिल सभी प्वाइंट्स प्लेन में टेक्निकल गड़बड़ी न होने और पायलट से चूक की ओर इशारा कर रहे हैं। 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। सिर्फ एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है।

**पायलट कोशिश के बाद क्रैश से नहीं बचा पाए**

रिपोर्ट के मुताबिक, हादसे वाले विमान में दोनों इंजनों के फ्यूल स्विच बंद थे, जिसके बाद पायलटों ने इसे चालू किया और दोनों इंजन को दोबारा शुरू करने की कोशिश की थी। लेकिन विमान बहुत कम ऊंचाई पर था, इसलिए इंजनों को दोबारा ताकत पाने का समय नहीं मिल सका और विमान क्रैश हो गया। हालांकि ये सामने नहीं आया है कि फ्यूल स्विच बंद कैसे हुए थे। 15 पन्नों की रिपोर्ट के मुताबिक, टेकऑफ से लेकर हादसे तक की पूरी उड़ान करीब 30 सेकेंड ही चली। इस समय तक रिपोर्ट में बोइंग 787-8 विमान और जीई जीईएन×-1बी इंजन को लेकर किसी ऑपरेटर के लिए कोई चेतावनी या कार्रवाई की सिफारिश नहीं की गई है। साथ ही रिपोर्ट में मौसम, बर्ड-हिट और सबोटाज जैसे किसी भी कारण का जिक्र नहीं है।

### क्या अपने आप ऑफ हो सकता है फ्यूल स्विच? हवा में कब किया जाता है कटऑफ



**अहमदाबाद** में 12 जून को हुए एयर इंडिया विमान हादसे को लेकर एयरक्राफ्ट ऐक्सिडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो की रिपोर्ट में कई बड़ी बातों का पता चला है। इस रिपोर्ट में संदेह जताया गया है कि उड़ान के कुछ सेकंड बाद ही विमान के दोनों इंजन की फ्यूल सप्लाई बंद हो गई थी। एक पायलट ने दूसरे से पूछा कि क्या उसने फ्यूल स्विच ऑफ किया है। वहीं दूसरे पायलट ने जवाब दिया, मैंने नहीं बंद किया। पायलट की बातचीत ने इस मामले को और उलझा दिया है। सवाल उठता है कि आखिर पायलट हवा में फ्यूल स्विच क्यों ऑफ करेगा? अगर पायलट ने ऐसा नहीं किया तो फ्यूल स्विच कैसे बंद हुआ? अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया की फ्लाइट एआई171 में सवार 242 यात्रियों में से केवल एक की ही जान बच पाई थी। जानकारों का कहना है कि पायलट की बातचीत से कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। इस बात की जांच की जाएगी कि आखिर फ्यूल स्विच कैस ऑफ हुआ।

**• कैसे काम करता है फ्यूल स्विच?**

विमान में फ्यूल स्विच मैन्युअल होता है। पायलट हाथ से पकड़कर इसे ऑन-ऑफ करता है। जानकारों का कहना है कि यह गीयर की तरह होता है। हालांकि पायलट विमान को पार्क करने के बाद ही इसे बंद करता है। आपातकालीन स्थिति में किसी एक इंजन का फ्यूल हवा में भी बंद किया जा सकता है। अगर हवा में एक इंजन फेल हो जाता है तो उसका स्विच ऑफ कर दिया जाता है। हालांकि ध्यान यह रखना होता है कि जो इंजन फेल हुआ है, उसी का फ्यूल स्विच भी ऑफ किया जाए।

**• बंद हो सकता है फ्यूल स्विच?**

साल 2021 में फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन और विमान इंजन बनाने वाली एक कंपनी ने कहा था कि प्लेन के एमएन4 माइक्रोप्रोसेसर को समय पर बदल देना चाहिए। यह इंजन के इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल यूनिट में होता है। यह एक विशेष सर्किट बोर्ड से कनेक्ट रहता है। उड़ान के समय इसका तापमान बदलता है। रिपोर्ट में कहा गया था कि अगर यह माइक्रोप्रोसेसर गड़बड़ होता है तो इंजन को सही जानकारी नहीं मिल पाती। ऐसे में इसे बदलने की जरूरत होती है।

### किसी नतीजे पर पहुंचना जल्दबाजी होगीः केंद्रीय मंत्री

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने शनिवार को कहा कि अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया फ्लाइट 171 की दुर्घटना पर विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की रिपोर्ट अभी प्राथमिक जांच पर आधारित है। उन्होंने कहा कि जब तक अंतिम रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक किसी नतीजे पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा, मुझे नहीं लगता कि हमें किसी नतीजे पर कूदना चाहिए। हमारे पास दुनिया के सबसे बेहतरीन पायलट और क्रू हैं। मुझे उनके प्रयासों की सराहना करनी चाहिए। वे हमारे नागर विमानन क्षेत्र की रीढ़ हैं। हम उनके कल्याण की चिंता करते हैं। इसलिए इस वक्त निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी, हमें अंतिम रिपोर्ट का इंतजार करना चाहिए। नागर विमानन मंत्री नायडू ने कहा कि पीड़ितों के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए मंत्रालय हर संभव सहायता कर रहा है।

# प्रेमी जोड़े को बैल बनाकर हल चलवाया

## ओडिशा में एक ही गोत्र में अफेयर करने पर सजा दी; कोड़े मारकर गांव से निकाला



ओडिशा-रायगढ़ा। एजेंसी

**ओडिशा** में रायगड़ा जिले के कंजामयोजी गांव में प्रेमी जोड़े के साथ क्रूरता का मामला सामने आया है। लड़का और लड़की के गले पर बैलों की तरह हल बांधा गया और खेत जुतवाया गया। ग्रामीणों ने उन्हें कोड़े मारे और गांव से भगा दिया गया।

इस पूरी घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि युवक और युवती एक ही गोत्र के हैं। दोनों के बीच प्रेम की बात सामने आने पर आदिवासी समाज नाराज हो गया। क्योंकि एक ही गोत्र के युवक-युवती को भाई-बहन माना जाता है। इसी कारण ऐसे विवाह और प्रेम संबंधों पर रोक है। इस घटना के पहले ग्रामीणों ने देवी की पूजा की फिर दोनों के गले में हल की रस्सी बांधी और खेत जुतवाया।

**• बैठक बुलाकर सजा तय की गई**

जैसे ही दोनों के प्रेम प्रसंग की जानकारी समाज के लोगों को लगी, तो कंजामयोजी के ग्रामीण बिफर गए। समाज की बैठक बुलाई गई, जिसमें प्रेमी जोड़े के लिए कठोर सजा तय कर दी गई। प्रेमी जोड़े को बैल की तरह बांधकर हल चलवाया गया। गांव की देवी की पूजा के बाद इस जोड़े को धमकाकर यह काम किया गया।

**• मार-मारकर गांव से भगाया**

जुताई के बाद दोनों को लाठी से मार-मारकर गांव से बेदखल कर दिया गया। दोनों कहां गए हैं, इसकी जानकारी किसी को नहीं है। थाना प्रभारी नीलकंठ बेहरा ने कहा कि घटना का पता लगा है। पुलिस टीम के साथ वे कंजामयोजी गांव में ही हैं। मामले की जांच की जा रही है।

# जस्टिस वर्मा को हटाने की तैयारी शुरू

• लोकसभा में प्रस्ताव आएगा, सांसदों के साइन कराए जा रहे; 21 जुलाई से शुरू होगा मानसून सत्र

नई दिल्ली। एजेंसी

**दिल्ली** हाईकोर्ट के पूर्व जज जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने के लिए केंद्र सरकार ने संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए लोकसभा सांसदों के साइन जुटाए जा रहे हैं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, कई सांसदों के दस्तखत लिए जा चुके हैं।

इससे संकेत मिल रहा है कि प्रस्ताव लोकसभा में लाया जा सकता है। लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए कम से कम 100 सांसदों के साइन जरूरी होते हैं। वहीं, राज्यसभा में यह संख्या 50 सांसदों की होती है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पहले ही कह चुके हैं कि जस्टिस वर्मा को हटाने का प्रस्ताव 21 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र में लाया जाएगा। जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास के स्टोर रूम में 14 मार्च की रात आग लग गई थी। यहां से 500-500 रुपए के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे।

जस्टिस वर्मा फिलहाल इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज हैं। दिल्ली हाईकोर्ट से उनका ट्रांसफर कर दिया गया था। हालांकि, उन्हें किसी भी तरह का न्यायिक कार्य सौंपने पर रोक है।



### स्टोर रूम पर जज के परिवार का ही कंट्रोल था

कैश केस की जांच कर रहे सुप्रीम कोर्ट के पैनल की रिपोर्ट 19 जून को सामने आई थी। 64 पेज की रिपोर्ट में कहा गया कि जस्टिस यशवंत वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का स्टोर रूम पर सीक्रेट या एक्टिव कंट्रोल था। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू की अध्यक्षता वाले तीन जजों के पैनल ने 10 दिनों तक जांच की। 55 गवाहों से पूछताछ की और जस्टिस वर्मा के आधिकारिक आवास का दौरा किया था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि रिकॉर्ड पर मौजूद सबूतों को ध्यान में रखते हुए पैनल इस बात पर सहमत है कि सीजेआई के 22 मार्च के लेटर में लगाए गए आरोपों में पर्याप्त तथ्य हैं। आरोप इतने गंभीर हैं कि जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए कार्यवाही शुरू करनी चाहिए।

# पन्नू की कपिल शर्मा को धमकी

## कनाडा में बिजनेस क्यों कर रहे, हिंदुस्तान जाओ

**अमृतसर।** खालिस्तान आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कॉमेडियन कपिल शर्मा को कनाडा में कैफे खोलने पर धमकी दी है। पन्नू ने वीडियो जारी करके कहा कि कपिल खुद को हिंदूवादी बताता है। उसके कैफे पर फिर गोलियां चलाई जा सकती हैं और खालिस्तानी समर्थकों पर आरोप लगाए जा सकते हैं।

पन्नू ने कहा- भारत के लोग कनाडा के सर्रे शहर में निवेश कर रहे हैं। क्या कपिल का कैफे सिर्फ एक कॉमेडी कैफे है या हिंदुत्व का वैश्विक विस्तार करने की एक रणनीति का हिस्सा है? ये लोग कनाडा में बिजनेस कर रहे हैं, भारत में क्यों नहीं? जब वो कनाडा के कानून को नहीं मानते तो यहां क्यों आ रहे हैं, ये कोई खेल का मैदान नहीं है। अपना पैसा लेकर वापस हिंदुस्तान जाओ। यहां हिंदुत्व विचारधारा नहीं चलेगी। हालांकि हम पन्नू के वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

# कन्या को मारकर पाप हुआ : हत्यारा बाप

• टेनिस प्लेयर मर्डर- राधिका की नहीं थी एकेडमी, बाप ने पहले कहा था- सवा करोड़ में खुलवाई

गुरुग्राम। एजेंसी

**हरियाणा** के गुरुग्राम में जूनियर इंटरनेशनल टेनिस प्लेयर राधिका यादव के मर्डर में पुलिस की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। राधिका यादव के पास टेनिस की एकेडमी नहीं थी। वह सिर्फ टेनिस कोर्ट किराए पर लेकर खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देती थी। न्यूज एजेंसी के मुताबिक गुरुग्राम पुलिस के एक जांच अधिकारी ने इसकी पुष्टि की। राधिका अलग-अलग जगहों पर ट्रेनिंग कोर्ट्स लेकर ट्रेनिंग देती थी।

इससे पहले सामने आया था कि दीपक ने सवा करोड़ रुपए खर्च कर बेटी को टेनिस एकेडमी खुलवाई थी। पुलिस का कहना है कि पिता दीपक यादव राधिका को ऐसा करने से रोकता था। पिता के मना करने के बावजूद भी राधिका नहीं मानी और उसने ट्रेनिंग कोर्ट लेकर अपना काम जारी रखा। बाप और बेटी के बीच असली विवाद की वजह यही थी।

इसी विवाद में पिता ने 10 जुलाई को गुरुग्राम के वजीराबाद स्थित घर में बेटी की पीठ पर 4 गोलियां मारकर हत्या कर दी। वहीं शनिवार को एक दिन का रिमांड खत्म होने के बाद आरोपी पिता को गुरुग्राम के कोर्ट में पेश किया गया। जहां से कोर्ट ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस दौरान वहां मौजूद परिजन से दीपक ने कहा कि कन्या को मारकर पाप हो गया है। सोसाइटी अध्यक्ष पवन यादव ने यह जानकारी दी।

दीपक यादव के भाई विजय यादव ने कहा कि जब वे थाने में थे तो छोटे भाई ने पुलिस से कहा कि मेरे बयान और एफआईआर इस तरह से लिखना कि मुझे फांसी की सजा हो।



### पूरी प्लानिंग से मर्डर किया

आरोपी पिता ने मर्डर पूरी प्लानिंग के साथ किया था। वह करीब 15 दिन से इसकी योजना बना रहा था। यह मौका उसे गुरुवार (10 जुलाई) को मिला। दीपक यादव रोजाना खुद दूध लेने के लिए जाता था। मगर कत्ल वाले दिन उसने बेटे धीरज को दूध लेने भेज दिया। उसकी योजना थी कि बेटा उसकी प्लानिंग में कोई अड़ंगा न बने, इसलिए बहाने से उसे घर से बाहर भेज दिया। गुरुग्राम पुलिस के प्रवक्ता संदीप कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

# दिल्ली में चार मंजिला इमारत ढही, 2 की मौत

## साल भर के बच्चे समेत 8 जख्मी, पड़ोस के घर में मलबा गिरने से एक घायल



नई दिल्ली। एजेंसी

**दिल्ली** के वेलकम इलाके में शनिवार सुबह चार मंजिला इमारत ढह गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक साल के बच्चे समेत आठ लोग घायल हो गए। बिल्डिंग में 10 लोगों का एक परिवार रहता था। इमारत के सामने वाले घर में रहने वाले अनीस अहमद अंसारी ने बताया कि जैसे ही इमारत गिरी, उसका मलबा हमारे घर पर आ गिरा। इस वजह से मैं भी घायल हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि सुबह 7 बजे सीलमपुर में ईदगाह रोड के पास जनता कॉलोनी की गली नंबर 5 में इमारत गिरने की सूचना मिली थी।

### स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया

जब बिल्डिंग गिरी उस समय स्थानीय लोग सुबह की सैर पर निकले थे। इन्हीं लोगों ने सबसे पहले बचाव कार्य शुरू किया। फायर ब्रिगेड के मौके पर पहुँचने से पहले ही मलबे में फंसे लोगों को बचाने की कोशिश शुरू कर दी गई। बाद में फायर ब्रिगेड की मदद से तीन लोगों को निकाला गया। नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली के एडिशनल डीसीपी संदीप लांबा ने बताया कि बचाव कार्य जारी है। पुलिस, हृष्टत्रस्न, सिविल डिफेंस और स्थानीय लोग मौके पर काम कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बचाव अभियान में बहुत मदद की है।

युवाओं का कौशल, भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी; अब तक 9.73 लाख लोगों को रोजगार मिला

# 16वां रोजगार मेला, पीएम ने 51 हजार जॉब लेटर बांटे

नई दिल्ली। एजेंसी

**पीएम** मोदी ने शनिवार को 16वें रोजगार मेला में 51 हजार से ज्यादा युवाओं को जॉब लेटर बांटें। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कहा कि युवाओं का सामर्थ्य हमारे भारत के भविष्य के लिए सबसे बड़ी पूंजी और गारंटी है। हमारी सरकार इस पूंजी को समृद्धि का सूत्र बनाने में जुटी है।

उन्होंने कहा कि दो दिन पहले ही 5 देशों की यात्रा से लौटा हूं। हर देश में भारत की युवा शक्ति की गूंज सुनाई दी। इस दौरान जो भी समझौते हुए हैं,उनसे युवाओं को फायदा होना ही है। आपके विभाग अलग हैं लेकिन ध्येय एक है। कार्य कोई भी हो, पद कोई भी हो इलाका कोई भी है, एक ही ध्येय राष्ट्र सेवा। एक ही सूत्र नागरिक सेवा। आपकी इस नई यात्रा के लिए बहुत शुभकामनाएं।

रोजगार मेले का आयोजन देश भर में 47 स्थानों पर किया गया। पिछला रोजगार मेला 26 अप्रैल को आयोजित किया गया था। प्रधानमंत्री ने 22 अक्टूबर 2022 को रोजगार मेले का पहला फेज शुरू किया था। अब तक 9.73 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल चुका है।



### देश का नौजवान तेज गति से आगे बढ़ रहा

- आज हमारा देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। ये हमारे देश के नौजवानों का कमाल है। मुझे खुशी होती है कि मेरे देश का नौजवान तेज गति से आगे बढ़ रहा है।
- मेन्युफैक्चरिंग सेक्टर को गति देने के लिए मिशन मेन्युफैक्चरिंग की घोषणा की गई है। सिर्फ पीएलआई से 11 लाख रोजगार बने हैं। इलेक्ट्रानिक सेक्टर का विस्तार हुआ है। 11 लाख करोड़ रुपए की इलेक्ट्रानिक मेन्युफैक्चरिंग हो रही है। पहले मोबाइल फोन मेन्युफैक्चरिंग की दो या चार यूनिट थीं। इस समय 300 यूनिट हैं इसमें लाखों युवा काम कर रहे हैं।
- डिफेंस मेन्युफैक्चरिंग में भी भारत नए रिकॉर्ड बना रहा है। डिफेंस प्रोडक्शन सवा लाख करोड़ से ऊपर पहुंच चुका है। भारत सबसे ज्यादा लोकोमोटिव बनाने वाला देश बन गया है। कई देश में एक्सपोर्ट हो रहा है।
- ऐसी अनेक योजनाओं की वजह से 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। अब आप कल्पना कीजिए इनका आत्मविश्वास कितना होगा। वर्ल्ड बैंक जैसी संस्थाएं भारत को मॉडल की तरह पेश करती हैं।

# धर्मांतरण कर आरक्षण का लाभ तो एक्शन

राष्ट्रबाण

**मुंबई.** सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में कहा कि आरक्षण का लाभ केवल उसी धर्म में रहकर ही लिया जा सकता है, जिस धर्म में उन्हें आरक्षण का लाभ मिला है. यदि कोई व्यक्ति धर्मांतरण करके भी आरक्षण का लाभ ले रहा है, तो वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है. ऐसे मामलों में राज्य सरकार कार्रवाई करेगी. विधानसभा में बीजेपी के विधायक गोपीचंद पडलकर ने जबरन धर्मांतरण के मामलों को लेकर सरकार का ध्यान खींचा, जिस पर जितेंद्र आव्हाड सहित अन्य विधायकों ने भाग लिया.

**अवैध लाउडसपीकर्स के लिए एसओपी**

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार ने अवैध लाउडस्पीकरों पर नियंत्रण के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की है. उन्होंने मुंबई पुलिस को इस कार्य को बिना किसी टकराव के पूरा करने के लिए विशेष रूप से धन्यवाद दिया.

**बीजेपी विधायक गोपीचंद पडलकर ने उठाया मुद्दा**

फडणवीस ने महाराष्ट्र विधानसभा में एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे पर बात की. उन्होंने जबरन या प्रलोभन देकर धर्मांतरण के खिलाफ कड़ा कानून लाने का आश्वासन दिया. यह मुद्दा भाजपा विधायक गोपीचंद पडलकर ने विधानसभा में उठाया था, जिसमें उन्होंने धर्मांतरण के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए सख्त कानून की मांग की थी.

फडणवीस ने बताया कि पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की अध्यक्षता में गठित समिति की रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है, और इसके आधार पर जल्द ही विधायी कार्रवाई की जाएगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि हम इस संवेदनशील मुद्दे को गंभीरता से ले रहे हैं. धर्म की स्वतंत्रता की रक्षा करते हुए, जबरदस्ती या लालच के जरिए धर्मांतरण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे. यह कानून धर्मांतरण के दुरुपयोग को रोकने और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा.महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मुंबई में 1608 अवैध लाउडस्पीकर हटाए गए हैं. जो लाउडस्पीकर हटाए गए हैं, उनमें 1049 मस्जिदों, 48 मंदिरों, 10 चर्चों, 8 गुरुद्वारों और 147 अन्य स्थान शामिल हैं. इसके साथ ही उन्होंने एक और बड़ा बयान दिया. सीएम ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा में जबरन या प्रलोभन देकर धर्मांतरण के खिलाफ कड़ा कानून लाने का आश्वासन दिया. पूरे महाराष्ट्र में 3367 लाउडस्पीकर हटाए गए हैं. इस कार्रवाई के लिए गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में जमा की, जिस पर कोर्ट ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी. फडणवीस ने मुंबई पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि बिना किसी विवाद या एक भी एफआ-ईआर दर्ज किए यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत शांतिपूर्ण ढंग से की गई.

### अवैध धर्म परिवर्तन पर सख्त कानून



### धर्मांतरण के खिलाफ कानून पर क्या कहा

विधायकों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि जबरदस्ती या प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराना एक आपराधिक कृत्य है ऐसे मामलों को रोकने के लिए और अधिक कठोर कानून बनाया जाएगा. राज्य के पुलिस महासंचालक की अध्यक्षता में गठित समिति की रिपोर्ट सरकार को प्राप्त हुई है और उसी के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार, आरक्षण का लाभ लेने वाले व्यक्ति को उसी धर्म में रहना होगा, जिस धर्म में वह लाभ प्राप्त हुआ था.सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हुए ऐसे मामलों में कार्रवाई करेगी. कुछ मामलों में यह पाया गया है कि लोग धर्म बदलकर भी आरक्षण का लाभ उठा रहे है, जो कि आदेश का उल्लंघन है.

# 14,500 से अधिक महिलाओं में कैंसर जैसे लक्षण

### सरकार के खुलासे से मचा हड़कंप !

राष्ट्रबाण



**हिंगोली.** महाराष्ट्र में कुछ ऐसा हुआ जिससे अचानक स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है. हिंगोली जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित 'संजीवनी योजना' के तहत किए गए कैंसर जांच अभियान में 14,500 से अधिक महिलाओं में कैंसर जैसे लक्षण पाए गए हैं. राज्य के स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आंबितकर ने गुरुवार (10 जुलाई) को विधानसभा में यह जानकारी देते हुए बताया कि 8 मार्च से अब तक कुल 2,92,996 महिलाओं की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें एक प्रश्नावली के माध्यम से कैंसर से संबंधित लक्षणों की जानकारी एकत्र की गई.स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि इन जांचों में 14,542 महिलाओं में कैंसर जैसे लक्षण पाए गए हैं. पीटीआई के अनुसार, इन मामलों में अब तक 3 महिलाओं में गर्भाशय का कैंसर, 1 में स्तन कैंसर और 8 में मुख का कैंसर प्रमाणित हुआ है. मंत्री ने यह भी कहा कि यह विशेष अभियान हिंगोली के जिला कलेक्टर की पहल पर शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य शुरुआती स्तर पर कैंसर की पहचान कर समय पर इलाज सुनिश्चित करना है.हालांकि, सरकार की ओर से फिलहाल महिलाओं के लिए अलग से कैंसर अस्पताल की स्थापना का कोई प्रस्ताव नहीं है. लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में कैंसर की पहचान के लिए स्वास्थ्य शिविर और स्क्रीनिंग जारी हैं.

# टिंडर पर दोस्ती का झांसा

राष्ट्रबाण

**मुंबई.** मुंबई में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ऱटिंडरऱ पर दोस्ती कर लूटने वाले गिरोह का मीरा भायंदर पुलिस के एंटी एक्सटॉर्शन सेल ने भंडाफोड़ किया. आज के समय में साइबर अपराध दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं.

लेकिन साइबर फ्रॉड के बीच टिंडर ऐप, जो कि एक डेटिंग ऐप है, पर प्यार की तलाश करने वाले लोगों को पहले प्यार के झांसे में फंसाकर लूटने वाले ग्रुप का मीरा भायंदर-वसई-विरार पुलिस के एंटी एक्सटॉर्शन सेल ने भंडाफोड़ किया है.इस रैकेट में शामिल और प्यार का झांसा देकर लोगों को फंसाने वाले आरोपी सागर रावल (26), ऋषभ शिंदे (25), पाजी, सोनू शेख और एक महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. मीरा भायंदर में रहने वाले एक व्यक्ति की टिंडर ऐप पर एक लड़की से जान-पहचान हुई. सागर रावल ने महिला के नाम से टिंडर पर अकाउंट बनाया और उसी अकाउंट से वह पीड़ित शिकायतकर्ता से बातचीत करने लगा. एक दिन चैटिंग के दौरान युवक को एक कॉफी शॉप में कॉफी पीने के लिए बुलाया गया, जहां शिकायतकर्ता की मुलाकात उस महिला से हुई.इसी समय महिला ने शिकायतकर्ता से कहा कि उसके घर पर कोई नहीं है और वह बहुत अच्छा मसाज करती है. महिला की बातों में आकर शिकायतकर्ता उसके घर चला गया. कमरे के अंदर जाते ही महिला ने पीड़ित युवक को कपड़े उतारने के लिए कहा.

### दुर्लभ प्रजातियों के खरगोश-तोते और कछुए जब्त

# एयरपोर्ट पर वन्यजीव तस्करी का भंडाफोड़

राष्ट्रबाण

**मुंबई.** मुंबई कस्टम्स ज़ोन-III के एयरपोर्ट कमिश्नरेट अधिकारियों ने 10 और 11 जुलाई की दरम्यानी रात छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर-राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो अलग-अलग मामलों में दुर्लभ और संरक्षित वन्य जीवों की तस्करी का पर्दाफाश किया है. अधिकारियों ने इन मामलों में दो विदेशी यात्रियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से जीवित और मृत जानवरों को बरामद किया है. यह कार्रवाई कस्टम अधिनियम, 1962 तथा वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत की गई.

**आरोपी ने तस्करी और बरामदगी का भी किया स्वीकार**

सभी वन्यजीव प्रजातियों की तस्वीरें ली गईं और उन्हें क्षेत्रीय उप निदेशक, वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो, पश्चिमी क्षेत्र को भेजा गया. अभियुक्त सुहैल अहमद ने अपने स्वैच्छिक बयान में पकड़े गए जानवरों की जानकारी दी, साथ ही उनके कब्जे, संचालन, छुपाने, तस्करी और बरामदगी का भी स्वीकार किया. पहले मामले में विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर, बैंकॉक से मुंबई आए एक यात्री को रोका गया.यात्री को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है. तो वहीं दूसरे मामले में एक अन्य यात्री, जो बैंकॉक से मुंबई आया था, को रोककर उसके हरे रंग के ट्रॉली बैग की जांच की गई. इस यात्री को भी गिरफ्तार किया गया और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू की गई.मुंबई कस्टम्स ज़ोन-III ने लगातार सतर्कता और सटीक खुफिया जानकारी के चलते वन्यजीव तस्करी की इन कोशिशों को विफल किया.

### उसमें से निम्न वन्य जीव पाए गए:

- सुमात्रन स्ट्राइप्ड खरगोश (Nesolagus netscheri) – 2
- ग्रेट बिल्ड पैरेट / मोलुक्कन तोता – 1 (मृत)
- इंडोचाइनीज बॉक्स टर्टल (Cuora galbinifrons) – 1



# नाबालिग बहन से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की जेल

राष्ट्रबाण

**ठाणे.** महाराष्ट्र के ठाणे ज़िले की एक अदालत ने एक व्यक्ति को अपनी 15 वर्षीय बहन को कई बार धमकाने और बलात्कार करने के जुर्म में 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी.कल्याण अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पीआरअष्टुरकर ने 32 वर्षीय आरोपी को 2015 में हुए अपराध के लिए भारतीय दंड संहिता की धारा 376(2) और 506(2) (आपराधिक धमकी) के तहत दोषी पाया. 2 जुलाई को पारित आदेश की एक प्रति शुक्रवार को उपलब्ध कराई गई.

# जयंत पाटिल ने NCP-SP के अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

राष्ट्रबाण

मुंबई. शरद पवार की एनसीप में बड़ा फेरबदल हुआ है. जयंत पाटील ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है. वहीं, शरद पवार ने अब शशिकांत शिंदे को पार्टी का नया अध्यक्ष बनाया है. शशिकांत शिंदे मंगलवार (15 जुलाई) को कार्यभार संभालेंगे. हाल ही में जयंत पाटील ने पार्टी प्रमुख शरद पवार से मांग की थी कि उन्हें प्रदेश अध्यक्ष के पद से मुक्त किया जाए. उन्होंने 10 जून को पार्टी की वर्षगांठ पर ही इस्तीफा देने की इच्छा जताई थी.

**कौन हैं शशिकांत शिंदे?**

एनसीपी शरद पवार गुट के नए प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत शिंदे, शरद पवार के बेहद भरोसेमंद नेता माने जाते हैं. शशिकांत शिंदे सतारा के कोरेगांव विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय हैं. वे इस क्षेत्र से दो बार के विधायक रहे हैं. शशिकांत शिंदे को मराठी कार्यकर्ताओं का नेता भी माना जाता है. 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने सतारा सीट से चुनाव लड़ा था. हालांकि, उदयनराजे भोसले के सामने वे हार गए थे.

एनसीपी-शरद पवार का प्रदेश अध्यक्ष पद मिलने की खबर मिलते ही शशिकांत शिंदे ने एबीपी माझा से बातचीत की. इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष पद को लेकर अभी नाम तय नहीं हुआ है, पवार साहब, सुप्रिया ताई, जयंत पाटील जो भी फैसला लेंगे, वो स्वीकार्य होगा. उन्होंने बताया कि 15 जुलाई को पार्टी की बैठक है. कुछ नामों पर चर्चा हो रही है, जिसमें उनका नाम भी शामिल है. अगर उनके नाम पर सहमति बनती है तो वे निश्चित रूप से काम करेंगे. शशिकांत शिंदे ने आगे कहा, मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि और किन लोगों के नाम चर्चा में हैं. मैंने आपसे सुना है.

### नए चेहरों को मौका देने की अपील



जयंत पाटील ने कहा, पवार साहब ने मुझे बहुत मौके दिए. उन्होंने मुझे सात साल का कार्यकाल दिया. आखिरकार, पार्टी को नए चेहरों को मौका देना ही होगा. मैं आप सबके सामने निवेदन करूंगा कि आखिरकार पार्टी पवार साहब की ही है. उन्हें इस पर सही फैसला लेना चाहिए. हमें अभी बहुत आगे जाना है.

# किसान की स्कूल संचालक ने की हत्या

### बेटी की फीस वापस मांगने गया था

राष्ट्रबाण



**परभणी.** महाराष्ट्र के परभणी जिले में दर्दनाक घटना सामने आई है. यहां एक किसान को अपनी बेटी की फीस वापसी और ट्रांसफर सर्टिफिकेट मांगना महंगा पड़ गया. स्कूल प्रशासन से बहस के बाद किसान की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई. इस मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है.एजेंसी के अनुसार, यह घटना परभणी जिले के पूरना तहसील के जीरो फाटा इलाके की है. यहां 42 वर्षीय किसान जगन्नाथ हेंगड़े अपनी बेटी की स्कूल फीस वापस लेने और ट्रांसफर सर्टिफिकेट की मांग को लेकर एक रेजिडेंशियल स्कूल पहुंचे थे. वहां उनकी मुलाकात स्कूल संचालक और उसकी पत्नी से हुई, जो एक राजनीतिक पार्टी से जुड़ी बताई जा रही हैं.पुलिस अधिकारियों के अनुसार, हेंगड़े की स्कूल संचालक दंपती से फीस के बकाया भुगतान को लेकर तीखी बहस हुई. बहस इतनी बढ़ गई कि स्कूल संचालक और उसकी पत्नी ने मिलकर किसान की बुरी तरह पिटाई कर दी.

# 'मराठी मानुष के लिए 20 प्रश घर आरक्षित हों'

राष्ट्रबाण

**मुंबई.** महाराष्ट्र में भाषा विवाद अब एक नई करवट लेता नजर आ रहा है. अब मराठी भाषी लोगों के लिए अगल से आरक्षण की मांग की जा रही है. शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के विधायकों ने शुक्रवार (11 जुलाई) को महाराष्ट्र सरकार से मांग की कि मुंबई की इमारतों में मराठी भाषी लोगों के लिए 20 प्रतिशत मकानों को आरक्षित किया जाए. विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे और पार्टी नेता मिलिंद नार्वेकर ने इस संबंध में एक पत्र शिवसेना शिंदे गुट के मंत्री शंभूराज देसाई को सौंपा.

**मुंबई में मराठी मानुष के लिए 20% आरक्षण- शिवसेना UBT**

मिलिंद नार्वेकर ने एक्स पर इस पत्र को शेयर किया है. उन्होंने पोस्ट करते हुए कहा, "हम मांग करते हैं कि हर बिल्डिंग में मुंबई में मराठी मानुष के लिए 20 प्रतिशत घर आरक्षित किए जाएं." पीटीआई के अनुसार, इसके पहले गुरुवार (10 जुलाई) को विधान परिषद में उन्होंने पूछा था कि क्या किसी सामाजिक संगठन ने मराठी लोगों के लिए 50 प्रतिशत घर आरक्षित करने की मांग की थी, और क्या सरकार ने इस पर कोई निर्णय लिया है.इस पर जवाब देते हुए उप-मुख्यमंत्री और आवास मंत्री एकनाथ शिंदे ने लिखित उत्तर में बताया कि उनके विभाग को इस संबंध में कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है.

### उद्धव ठाकरे गुट ने कर दी बड़ी मांग

### मंत्री शंभूराज देसाई ने किया कटाक्ष



वहीं उनकी ओर से प्रतिनिधित्व कर रहे खनन मंत्री शंभूराज देसाई ने कहा कि जब 2019 से 2022 तक उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में महा विकास आघाड़ी सरकार सत्ता में थी, तब भी इस तरह का कोई कानून नहीं लाया गया था. देसाई ने कटाक्ष करते हुए कहा, "आपने उस समय यह कदम नहीं उठाया था, और यह अब रिकॉर्ड पर है. आपकी मराठी मानुष के प्रति प्रेम की भावना नकली और खोखली है." इस राजनीतिक बहस ने मराठी अस्मिता और मुंबई में स्थानीय लोगों के अधिकारों को लेकर एक बार फिर चर्चा को तेज कर दिया है.

# राज ठाकरे जाएंगे मीरा रोड

### महाराष्ट्र और देश की नजरें टिकीं

राष्ट्रबाण



**मुंबई.** पूरे महाराष्ट्र में पिछले कुछ दिनों से मीरा-भायंदर शहर चर्चा का विषय बना हुआ है. इसके पीछे की वजह भी यही है. महाराष्ट्र खासकर मुंबई में मराठी और अमराठी के बीच विवाद छिड़ गया है. मीरा रोड के एक व्यापारी की मनसे कार्यकर्ताओं ने मराठी के मुद्दे पर पिटाई कर दी. मनसे का कहना है कि महाराष्ट्र में रहने और व्यापार करने के लिए मराठी बोलना अनिवार्य है. कुछ अमराठी लोगों ने मनसे के इस रुख पर आपत्ति जताई. एक व्यापारी ने मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे को सीधे तौर पर चुनौती दी थी कि वह मराठी नहीं बोलेंगे. इस पर बड़ा विवाद छिड़ने के बाद इस व्यापारी ने सार्वजनिक रूप से राज ठाकरे से माफी मांगी थी. दूसरी ओर मीरा भायंदर में बड़ा हंगामा देखने को मिला. मीरा भायंदर में मनसे कार्यकर्ताओं की ओर से एक व्यापारी की पिटाई के बाद वहां के व्यापारियों ने इस घटना पर आपत्ति जताई. मीरा रोड के व्यापारियों ने संबंधित व्यापारी के समर्थन में शहर बंद का आह्वान किया. इतना ही नहीं व्यापारियों ने शहर में एक बड़ा मार्च भी निकाला. इस मार्च ने हिंदी और मराठी भाषियों के बीच बहस को फिर से सुलगा दिया. इस मार्च के जवाब में मनसे और शिवसेना ठाकरे गुट और महाराष्ट्र एकीकरण समिति की ओर से एक संयुक्त मार्च निकालने का निर्णय लिया गया था. लेकिन पुलिस ने इस मार्च को रोक दिया.

# AC वायरिंग के करेंट से 10वीं के छात्र की मौत

### बैडमिंटन खेलते समय हुआ हादसा

राष्ट्रबाण

**मुंबई.** मुंबई से सटे नायगांव में एसी वायरिंग के करंट से दसवीं कक्षा के छात्र की मौत हो गई. यह हादसा बैडमिंटन खेलते समय हुआ. मृतक छात्र सोसायटी के अंदर अपने दोस्तों के साथ बैडमिंटन खेल रहा था. इस बीच उनकी शटलकॉक पहली मंजिल पर बने घर की खिड़की में फंस गई. छात्र शटलकॉक निकालने के लिए खिड़की पर चढ़ा. इसी बीच उसे करंट लग गया और वह खिड़की से चिपक गया. छात्र के एक दोस्त ने उसे निकालने की कोशिश की, लेकिन करंट के झटके से दोनों दूर गिर गए. इसके बाद बीका लड़के भी आए, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी.घटना मुंबई से सटे नायगांव के एक कॉम्प्लेक्स की है. शुक्रवार की शाम कुछ बच्चे सोसाइटी के अंदर बैडमिंटन खेल रहे थे. 15 साल का 10वीं कक्षा का छात्र आकाश संतोष साहू भी दोस्तों के साथ खेल रहा था. इसी बीच शटल निकालने के चक्कर में उसकी मौत हो गई. इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी समाने आया है. ऐसा बताया जा रहा है कि 10वीं का छात्र आकाश शाम करीब 7 बजे सोसाइटी कंपाउंड में अपने दोस्तों के साथ बैडमिंटन खेल रहा था. इस दौरान शटलकॉक पहली मंजिल पर स्थित एक फ्लैट की खिड़की में फंस गई.



# महाराष्ट्र में होम्योपैथ वाले नहीं कर सकेंगे एलोपैथ की प्रैक्टिस

### विवाद के बाद फडणवीस सरकार ने आदेश लिया वापस

राष्ट्रबाण



**मुंबई.** महाराष्ट्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया था. सरकार ने होम्योपैथी डॉक्टरों को आधुनिक दवाइयां लिखने की अनुमति देने का निर्णय लिया था. अब सरकार इस फैसले से पीछे हट गई है. सरकार ने एक 7 सदस्यों की कमेटी बनाई है. यह कमेटी दो महीने में इस मामले पर फैसला करेगी. दिलचस्प बात यह है कि इस मामले में न तो होम्योपैथी डॉक्टरों और न ही इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) के डॉक्टरों ने कहा है कि अगर फैसला उनके पक्ष में नहीं आता है तो वे कमेटी का निर्णय मानेंगे. दोनों ही पक्ष कमेटी के फैसले से सहमत नहीं हैं. कमेटी में चिकित्सा शिक्षा विभाग, आयुष निदेशालय, महाराष्ट्र स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के अधिकारी शामिल हैं. इसके साथ ही आधुनिक चिकित्सा और होम्योपैथी परिषदों के रजिस्ट्रार भी कमेटी में होंगे.IMA के प्रमुख संतोष कदम ने कहा कि यह मामला समस्या की जड़ को चुनौती देता है. उन्होंने 2014 में महाराष्ट्र होमियोपैथिक प्रैक्टिशनर्स एक्ट और महाराष्ट्र मेडिकल काउंसिल एक्ट 1965 में हुए संशोधन पर सवाल उठाया. ये संशोधन अभी भी बॉम्बे हाई कोर्ट में लंबित हैं. कदम ने कहा कि कमेटी इस विषय पर विचार कर सकती है, लेकिन अगर उनका फैसला जनहित के खिलाफ होगा तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा.

### क्या बोला होम्योपैथिक काउंसिल

महाराष्ट्र होम्योपैथिक काउंसिल के प्रशासक बाहुबली शाह ने कहा कि कमेटी पर कोई भरोसा नहीं है क्योंकि इसमें कोई भी होम्योपैथी डॉक्टर नहीं है. उन्होंने कमेटी में एक क्लर्क को रख दिया है. शाह का कहना है कि कमेटी में होम्योपैथी के जानकार होने चाहिए थे. पिछले 10 दिनों से मेडिकल समुदाय में इस बात को लेकर चिंता थी कि होम्योपैथी डॉक्टरों को एक साल के फार्माकोलॉजी कोर्स के आधार पर आधुनिक दवाइयां लिखने की अनुमति दी जा रही है.

**सफलता** सीएम फडणवीस ने पीएम मोदी का आभार जताया

# शिवाजी महाराज के किले UNESCO की लिस्ट में शामिल

राष्ट्रबाण

**मुंबई.** छत्रपती शिवाजी महाराज काल के 12 किलों को यूनेस्को ने अपनी वर्ल्ड हेरीटेज साइट्स की लिस्ट में शामिल किया है. इसे लेकर सीएम देवेंद्र फडणवीस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है. देवेंद्र फडणवीस ने इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है. उन्होंने कहा कि यह पीएम मोदी के प्रयासों का परिणाम है. बता दें कि यूनेस्को ने वर्ल्ड हेरीटेज लिस्ट में महाराष्ट्र के 12 किलों को शामिल किया है, जिसमें रायगड, राजगड, प्रतापगड, पन्हाला, शिवनेरी, लोहगड, साल्हेर, सिंधुदुर्ग, विजयदुर्ग, सुवर्णदुर्ग, खांदेरी और तमिलनाडु का एक जिंजी किला शामिल है.

**क्या बोले सीएम देवेंद्र फडणवीस**

महाराज ने स्वराज्य के लिए इन किलों का निर्माण कराया था. 17वीं और 19वीं शताब्दी के बीच विकसित, ये किले हमारे राजा द्वारा परिकल्पित एक असाधारण दुर्ग और सैन्य व्यवस्था का प्रतिनिधित्व करते हैं. किलों का यह असाधारण नेटवर्क, जो पदानुक्रम, पैमाने और प्रतीकात्मक विशेषताओं में भिन्न है, भारतीय प्रायद्वीप में सह्याद्री पर्वत श्रृंखलाओं, कोंकण तट, दक्कन पठार और पूर्वी घाटों के विशिष्ट भूदृश्य, भूभाग और भौगोलिक विशेषताओं के एकीकरण का परिणाम है. यह 'उत्कृष्ट सार्वभौमिक मूल्य' है. इस उपलब्धि तक पहुँचने में अनेक लोगों का योगदान रहा. सबसे पहले, मैं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का हृदय से आभार व्यक्त करना चाहूंगा. उनका सहयोग और केंद्र सरकार की सक्रिय भागीदारी अत्यंत मूल्यवान रही. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और संस्कृति मंत्रालय ने इसमें बहुत मदद की. मैंने व्यक्तिगत रूप से विभिन्न राजदूतों से संपर्क किया. मेरे सहयोगी, डीसीएम एकनाथ शिंदे जी, डीसीएम अजित दादा पवार ने भी समय-समय पर मेरा सहयोग किया.



### सीएम देवेंद्र फडणवीस का ट्वीट

सीएम देवेंद्र फडणवीस ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, ऐतिहासिक और गौरवशाली क्षण. महाराष्ट्र सरकार हमारे प्रिय छत्रपति शिवाजी महाराज को नमन करती है. महाराष्ट्र के सभी नागरिकों और शिवभक्तों को हार्दिक बधाई. छत्रपति शिवाजी महाराज के 12 किले यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल. मुझे यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि हमारे महानतम राजा, छत्रपति शिवाजी महाराज के 12 किलों को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है.

# रोहित पवार के खिलाफ ED ने दाखिल की सप्लीमेंट्री चार्जशीट

### महाराष्ट्र स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक घोटाला

राष्ट्रबाण

**मुंबई.** प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने महाराष्ट्र स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक घोटाले में एनसीपी (शरद पवार गुट) के विधायक रोहित पवार और कुछ अन्य के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है. यह चार्जशीट मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम, 2002 के तहत मुंबई की विशेष अदालत में दायर की गई है. सूत्रों के अनुसार, कोर्ट ने अभी चार्जशीट पर संज्ञान नहीं लिया है.चार्जशीट दाखिल किए जाने से पहले, ईडी ने रोहित पवार की कंपनी बारामती एग्रो की 50 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां अटैच की थीं. ईडी ने जनवरी 2023 में रोहित पवार के ठिकानों, बारामती एग्रो सहित कई स्थानों पर छापेमारी की थी. इसके बाद करजात-जामखेड़ से एनसीपी विधायक रोहित पवार को पूछताछ के लिए ईडी के मुंबई कार्यालय बुलाया गया था.मार्च 2023 में ईडी ने बारामती एग्रो की 50.20 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थायी रूप से जब्त की थी. इसमें औरंगाबाद के कन्नड़ में स्थित 161.30 एकड़ ज़मीन, एक शुगर मिल, मशीनरी और भवन शामिल थे.

राष्ट्रबाण
सिवनी, रविवार 13 जुलाई 2025

# राजधानी राष्ट्रबाण

• बैरसिया • हुज़ूर • कोलार

## स्वच्छ सर्वेक्षण: टॉप-3 में आ सकता है भोपाल

### इंदौर का 11 शहरों से मुकाबला ; जबलपुर-ग्वालियर को मिनिस्ट्रियल अवॉर्ड मिलेंगे

भोपाल। राष्ट्रबाण

स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में इस बार भी मध्यप्रदेश के शहर बाजी मारेंगे। राजधानी भोपाल देश के सबसे स्वच्छ शहरों में टॉप-3 में आ सकता है। साथ ही सबसे स्वच्छ राजधानी का तमगा भी फिर मिलने की उम्मीद है। वहीं, इंदौर का 11 अन्य शहरों से मुकाबला है। अबकी बार वह स्वच्छ सर्वे की सुपर स्वच्छता लीग में शामिल हैं। जिसमें वे 12 शहर शामिल हैं, जो साल 2021 से 2023 तक तीन साल में कम से कम दार बार टॉप-3 में रहे थे। स्वच्छता अवॉर्ड की 3 कैटेगरी रहेगी। इनमें भोपाल, देवास और शाहगंज को अपनी-अपनी कैटेगरी में प्रेसिडेंशियल अवॉर्ड मिलेंगे। जबलपुर को स्पेशल कैटेगरी और ग्वालियर को स्टेट लेवल का मिनिस्ट्रियल अवॉर्ड मिलेगा। 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों में इंदौर को अवॉर्ड दिया जाएगा। 3 से 10 लाख तक की जनसंख्या में उज्जैन और 20 हजार से अधिक जनसंख्या वाले में सीहोर जिले की बुधनी को अवॉर्ड मिलेगा। बता दें, सुपर स्वच्छता लीग में इंदौर के अलावा सूरत और पुणे भी शामिल हैं। पिछले सर्वेक्षण में गुजरात के सूरत के साथ इंदौर सबसे स्वच्छ शहर रहा था। इंदौर को यह लगातार 7वीं बार अवॉर्ड मिला था। वहीं, मध्यप्रदेश को देश के दूसरे सबसे स्वच्छ स्टेट का अवॉर्ड मिला था। इस सर्वेक्षण में इंदौर-भोपाल के अलावा जबलपुर और ग्वालियर को भी अपनी कैटेगरी में मिनिस्ट्रियल अवॉर्ड मिलेंगे। यानी, इन्हें राष्ट्रपति के हाथों अवॉर्ड नहीं मिलेंगे। भोपाल को प्रेसिडेंशियल अवॉर्ड मिलेगा। ऐसे में भोपाल का टॉप-3 में शामिल होना पक्का है।




#### स्वच्छ सर्वेक्षण में भोपाल का अब तक का सफर

स्वच्छ सर्वेक्षण में भोपाल ने 2017 और 2018 में लगातार दो साल देश में दूसरी रैंक हासिल की थी। 2019 में भोपाल खिसककर 19वें नंबर पर आ गया था। उस समय अफसरों के लगातार तबादले के कारण तैयारियों की दिशा ही तय नहीं हो पाई थी, लेकिन 2020 में कम बैक करते हुए 12 पायदान ऊपर खिसका और 7वीं रैंक हासिल की। 2021 के सर्वेक्षण में भी भोपाल ने 7वां स्थान हासिल किया था। 2022 के सर्वेक्षण में भोपाल की रैंक सुधरी और यह छठवें स्थान पर आ गया। वहीं, भोपाल को 5 स्टार मिला। 2023 के सर्वेक्षण में पांचवीं रैंकिंग रही थी। इस बार यह टॉप-3 में हो सकती है।

#### पिछली बार पांचवें नंबर पर था भोपाल

पिछले सर्वे में भोपाल 5वें नंबर पर था। कचरे की प्रोसेसिंग में सुधार व डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था को और पुख्ता कर भोपाल ने दावा मजबूत किया है। वहीं, फरवरी में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) की वजह से भी भोपाल को फायदा मिलेगा। जीआईएस के चलते राजधानी में 100 करोड़ रुपए से ज्यादा के काम शहर में हुए हैं। इसमें स्वच्छता से जुड़े काम भी शामिल थे। इसी दौरान स्वच्छता सर्वेक्षण टीमें भी भोपाल पहुंची थी। इसलिए दावा मजबूत है।

#### दिल्ली में होगा कार्यक्रम

17 जुलाई को दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू विजेता शहरों को अवॉर्ड देंगी। भोपाल से महापौर मालती राय और निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण दिल्ली पहुंचेंगे। वहीं, अन्य निगम के महापौर और कमिश्नर भी शामिल होंगे।

#### भोपाल निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने कहा

भोपाल को देश की सबसे स्वच्छ राजधानी होने का अवॉर्ड भी मिल सकता है। फिर से शिखर पर आने की खुशी है। अवॉर्ड मिलने पर जश्न मनाएंगे।

**पिछली बार 18 अवॉर्ड मिले थे, इस बार 20 की उम्मीद :** पिछले साल मध्यप्रदेश को कुल 18 अवॉर्ड मिले थे। इस बार 20 अवॉर्ड मिल सकते हैं। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी भी अवॉर्ड सेरेमनी में शामिल हो सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पिछली बार कार्यक्रम में शामिल रहे थे।

## सीएम मोहन यादव कल से विदेश दौरे पर रहेंगे

### दुबई और स्पेन में निवेशकों से करेंगे संवाद, पटवारी बोले- निवेश पर श्वेत पत्र लाएं



भोपाल। राष्ट्रबाण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 से 19 जुलाई तक स्पेन और दुबई के दौरे पर रहेंगे। जिसके लिए शनिवार को दिल्ली पहुंचेंगे। विदेश प्रवास के दौरान सीएम यादव दुबई में लुलु इंटरनेशनल ग्रुप, लैंडमार्क ग्रुप और नखील ग्रुप जैसे अंतर्राष्ट्रीय रिटेल और इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ उच्च स्तरीय वार्ता करेंगे। इस दौरान प्रदेश में लॉजिस्टिक्स पार्क, वेयर हाउस, रिटेल चेन और निवेश संबंधी अन्य सहयोग पर चर्चा होगी। दुबई में निवेश को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की इंडियन बिजनेस एंड प्रोफेशनल काउंसिल के प्रतिनिधियों के साथ प्रमुख बैठक होना है। यहां मध्यप्रदेश की औद्योगिक तैयारियों और निवेश नीति को लेकर प्रजेंटेशन होगा।

#### दुबई के बाद स्पेन जाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दुबई के बाद 16 से 19 जुलाई तक स्पेन के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बार्सिलोना में स्पेन की अग्रणी ऑटोमोबाइल कंपनियों और ग्रीन मोबिलिटी टेक्नोलॉजी पर काम कर रहे निवेशकों के साथ संवाद करेंगे। बार्सिलोना में होने वाली बैठकों में टेक्सटाइल, गारमेंट और डिजाइन सेक्टर की कंपनियों से भी बात होगी। जिससे मध्यप्रदेश में पीएम मित्र पार्क, टेक्सटाइल ओडीओपी और वर्धमान सहित टेक्सटाइल क्लस्टर को और गति दी जा सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की स्पेन यात्रा का एक बड़ा फोकस पर्यटन और हेरिटेज हॉस्पिटैलिटी सेक्टर पर भी रहेगा।

#### इस साल जापान में निवेशकों से की चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पिछले साल नवंबर-दिसंबर में यूके, जर्मनी का दौरा किया था और इस वर्ष जनवरी में जापान के निवेशकों संवाद किया है। हेल्थ टेक्नोलॉजी, ऑटोमोबाइल, यूनिवर्सिटी लिंकेज, इलेक्ट्रॉनिक्स और एडवांस मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में हुई सकारात्मक माहौल बना है।

#### पटवारी बोले- कितना निवेश लाए, श्वेतपत्र लाएं

इधर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि लाड़ली बहनों को 1500 रुपए सरकार नहीं दे पा रही है। नए पंजीयन नहीं हो रहे हैं। इससे पता चलता है कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति क्या है? पटवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव विदेश जा रहे हैं। अच्छी बात है, निवेश के लिए प्रयास कर रहे हैं। वे पिछले दिनों पंजाब भी गए थे और दो दिन पहले इंदौर में थे लेकिन प्रयास से क्या मिला और सरकार का क्या खर्च हुआ। इस पर सरकार को श्वेत पत्र लाएगी? काम करने की प्रक्रिया का प्रमोशन करने के बाद कितना लाभ हुआ, इसके लिए श्वेतपत्र लाकर जनता को बताना चाहिए। सामाजिक संगठनों के सम्मेलन करने के उनकी आर्थिक स्थिति, रोजगार की स्थिति का दायित्व क्या सरकार ले रही है? इतने सालों में जो जो इन्वेस्टर्स समिट हुई, उससे क्या मिला, कितना खर्च हुआ, यह सदन में बताया जाना चाहिए।

## लव जिहाद के आरोप से भड़का, युवक का मर्डर किया

### भोपाल में प्रेमिका के गले में हाथ डालकर बैठा था ; समझाइश दी तो चाकू मारे

भोपाल। राष्ट्रबाण

भोपाल में लव जिहाद के आरोपों से भड़के एक मुस्लिम युवक फैजान बैग ने तीन युवकों पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपी पार्क में अपनी महिला मित्र (हिंदू समुदाय) के साथ गले में हाथ डालकर बैठा था। यहां पहुंचे तीनों युवकों ने हिंदू लड़की को गुमराह करने और लव जिहाद में फंसाने की बात पर बहस शुरू कर दी। देखते ही देखते हाथापाई होने लगी। घटना गोविंदपुरा इलाके में गुरुवार की है। चाकू के हमले में घायल युवक को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। यहां शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई। इसके बाद इस हत्याकांड का खुलासा हुआ। पुलिस ने आरोपी फैजान के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उसकी महिला मित्र को भी सहआरोपी बनाने की तैयारी में है।

**जोर से हंसने और घूरने की बात पर हुआ विवाद**

गोविंदपुरा थाना प्रभारी अवधेश तोमर के मुताबिक, फैजान नाम का युवक पिपलानी इलाके का रहने वाला है। वह आईटीआई में द्वितीय वर्ष का छात्र है। फैजान अपनी महिला मित्र के साथ गुलाब उद्यान के पास अंबेडकर पार्क में बेंच पर बैठा हुआ था। इसी दौरान बरखेड़ा पठानी निवासी श्याम मोरे अपने दो दोस्तों के साथ वहां पहुंचा।

#### बीच बचाव करने पर दो दोस्तों पर भी हमला

फैजान ने श्याम को अपने पास बुलाया। श्याम पहुंचा तो आरोपी ने आपत्ति जताई। दोनों के बीच विवाद हुआ। इस दौरान श्याम और उसके साथियों का फैजान से हिंदू लड़की को अपने साथ लेकर आने और लव जिहाद में फंसाने का आरोप लगाया। इससे फैजान गुस्से में आ गया। उसने पहले से अपने पास रखे चाकू से श्याम पर वार कर दिया। बीच बचाव करने आए दोनों दोस्तों पर भी चाकू से हमला कर दिया।

#### डीसीपी बोले- आरोपी पर हत्या का केस दर्ज

डीसीपी संजय अग्रवाल के मुताबिक फैजान ने बयानों में बताया कि पार्क की जिस बेंच पर वह बैठा हुआ था, उसके पड़ोस की बेंच पर श्याम और उसके दो साथी बैठकर बीयर पी रहे थे। श्याम और उसके साथियों ने कमेंट किया। जिसका विरोध करने पर विवाद शुरू हुआ। श्याम ने ही पहले चाकू निकाला, मारपीट कर चाकू से वार करने का प्रयास किया। तब उसने श्याम के पास रखे चाकू को छीना और उसे पर हमला कर दिया। युवक की मौत के बाद, हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है।

## भोपाल में सिक्योरिटी गार्ड ने खुद को मारी गोली

### गले में सटाई बंदूक, पैर से दबा दिया ट्रिगर ; जबड़े से आर-पार हो गई गोली

भोपाल। राष्ट्रबाण

भोपाल के टीटी नगर में रहने वाले एक सिक्योरिटी गार्ड ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। वह नशे में धुत था और पत्नी से विवाद के बाद बैडरूम में जाकर लाइसेंसी बारह बोर से जबड़े से सटाकर पैर से ट्रिगर दबाकर खुद को शूट कर लिया। गोली जबड़े से आर-पार हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। घटना के समय मृतक की पत्नी और बच्चे घर में ही मौजूद थे। पुलिस



के मुताबिक, चक्की चौराहा निवासी बालचंद सोंधिया पुत्र जगदीश सोंधिया (40) एक निजी बैंक में सिक्योरिटी गार्ड था। शुक्रवार की देर रात वह ड्यूटी से लौटा था। इस समय वह शराब के नशे में था। नशे में घर आने की बात पर उसको पत्नी ने समझाइश दी। इस बात को लेकर उसने पत्नी से विवाद किया। पत्नी ने उसकी शिकायत थाने में दर्ज कराने की बात कही।

#### पुलिस तक जाने की बात से नाराज हो गया था

पुलिस तक जाने की बात से नाराज गार्ड ने गुस्से में खुद की लाइसेंसी 12 बोर बंदूक से गोली मार ली। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की खबर लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए हमीदिया अस्पताल भेज दिया। साथ ही पुलिस ने उसकी लाइसेंसी बंदूक को भी जब्त कर लिया।

#### परिजन के डिटेल बयान नहीं हो सके दर्ज


पुलिस का कहना है कि परिजन के शोकाकुल होने की वजह से उनके बयान दर्ज नहीं हो सके हैं। ऐसे में पुलिस अब परिजन के बयान दर्ज करने के बाद ही आगे की कार्रवाई करेगी। शनिवार को पीएम के बाद बॉडी परिजन को सौंप दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भोपाल में इलेक्ट्रॉनिक कारोबारी के घर चोरी

### सोने-चांदी के जेवर और लाखों रुपए कैश ले गए चोर, पार्टी में गया था परिवार

भोपाल। राष्ट्रबाण

भोपाल के गांधी नगर में रहने वाले एक कारोबारी के घर चोरों ने धावा बोल दिया। आरोपी यहां से सोने-चांदी के जेवरात और नकदी सहित लाखों रुपए का सामान चोरी कर फरार हो गए। वारदात शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात की है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांधी थाना पुलिस के मुताबिक, सुनील वदलानी सुविधा विहार कॉलोनी गांधी नगर में अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनकी झूलेलाल मार्केट में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है। शुक्रवार रात वह



अपने परिवार के साथ किसी परिचित के यहां पार्टी में शामिल होने गए थे। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने मकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना का पता परिवार के घर पहुंचने पर चला। अंदर देखा तो पूरे घर में सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी में रखे लाखों रुपए नगदी और सोने-चांदी के जेवरात गायब थे।

#### एफएसएल की टीम ने स्पॉट का निरीक्षण किया

चोरी की वारदात का पता चलने पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल टीम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया। तब तक क्राइम ब्रांच की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों का सुराग जुटाने के लिए कॉलोनी और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

## जन, जंगल और समाज की कहानियों को मिला मंच, भोपाल में ग्रीन हब फिल्म फेस्टिवल शुरू

### पहले दिन दिखाई गईं 8 डॉक्यूमेंट्री फिल्में

भोपाल। राष्ट्र बाण

जल, जंगल, जमीन और सामाजिक बदलाव पर बनाई गई डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का 2 दिवसीय ग्रीन हब फिल्म फेस्टिवल शनिवार को रवींद्र भवन में शुरू हुआ। महाशक्ति सेवा केंद्र और ग्रीन हब सेंट्रल इंडिया द्वारा आयोजित इस फेस्टिवल में पहले दिन 8 डॉक्यूमेंट्री फिल्में दिखाई गईं, जिनमें पर्यावरण संरक्षण से लेकर महिलाओं के सशक्तिकरण और शिक्षा जैसे गंभीर मुद्दों को गहराई से प्रस्तुत किया गया। फेस्टिवल की शुरुआत माही घाने द्वारा उद्घाटन से हुई, जिसके बाद सोनाझारिया मिंज ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। उन्होंने युवाओं से कहा कि फिल्में सिर्फ कहानी नहीं, बदलाव का जरिया बन सकती हैं। यह दो दिवसीय फेस्टिवल 12 और 13 जुलाई तक चलेगा। आयोजन महाशक्ति सेवा केंद्र और ग्रीन हब सेंट्रल इंडिया की ओर से किया गया है।

#### संस्था की चेयरपर्सन पूजा एंगर ने बताया-

यह फेस्टिवल दरअसल ग्रीन हब फैलोशिप का हिस्सा है, जो ट्राइबल युवाओं के लिए 10 महीने की एक फिल्म मेकिंग ट्रेनिंग है। इसमें देशभर के 8 राज्यों से चयनित युवाओं को प्रशिक्षित किया जाता है।




#### पहले दिन 8 फिल्में दिखाई गईं

पूजा ने बताया कि इस वर्ष फैलोशिप के चौथे बैच का कन्वोकेशन भी इसी फेस्टिवल के दौरान किया जा रहा है। ट्राइबल युवा फैलोशिप के दौरान विभिन्न एनजीओ के साथ मिलकर पर्यावरण, जैव विविधता, वन्यजीव, जेंडर और शिक्षा जैसे मुद्दों पर फिल्में बनाते हैं। इस वर्ष कुल 18 फिल्मों का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिनमें से पहले दिन 8 फिल्में दिखाई गईं। फेस्टिवल में छत्तीसगढ़ से आई निधि ने अपनी फिल्म मैं भी हूं सतरंगी के बारे में बताया कि यह ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की कहानी है। फिल्म उन महिलाओं की आवाज है, जो कभी घूंघट के पीछे छुपी थीं, लेकिन अब खुद के हक के लिए बोलने लगी हैं।

#### ईंट भट्ठी से स्कूल तक

छत्तीसगढ़ के गारियाबंद जिले से आए फिल्म निर्माता तुमलेश कुमार नेटी की डॉक्यूमेंट्री 'ईंट भट्ठी से स्कूल तक' को भी खास सराहना मिली। फिल्म बिहार के जमुई जिले के महादलित समुदाय 'मुसहर' की उन बच्चियों की कहानी है, जो कभी ईंट भट्ठों पर काम करती थीं और अब स्कूल जा रही हैं। फिल्म में दिखाया गया है कि सामाजिक संगठनों, शिक्षकों और कार्यकर्ताओं की मदद से ये बच्चियां कैसे अपने जीवन में बदलाव ला रही हैं। तुमलेश ने बताया कि यह फिल्म केवल शिक्षा की नहीं, बल्कि पहचान, आत्मसम्मान और बदलाव की कहानी है। फिल्म हिंदी और स्थानीय बोली में है, जिसे अंग्रेज़ी सबटाइटल्स के साथ दुनिया भर में दिखाया जा रहा है।

#### इन पहलुओं की अक्सर नहीं होती चर्चा

फेस्टिवल में युवाओं की फिल्मों के माध्यम से न सिर्फ जनजातीय जीवन की झलक देखने को मिल रही है, बल्कि समाज के उन पहलुओं पर भी रोशनी डाली जा रही है, जिन पर अक्सर चर्चा नहीं होती। शनिवार को फेस्टिवल के दूसरे दिन शेष 10 फिल्मों का प्रदर्शन होगा।

### भोपाल में 40 करोड़ रुपए से बनेगा, भूमिपूजन आज ; मछलियों की दुनिया बसेगी

## एक्वा पार्क में डिजिटल एक्वेरियम, वॉटर टनल-3डी इंटरेक्टिव जोन

भोपाल। राष्ट्रबाण

भोपाल के भदभदा में एक्वा पार्क के लिए शनिवार को भूमिपूजन होगा। इसमें मछलियों की नई दुनिया बसेगी। 40 करोड़ रुपए में तैयार होने वाले एक्वा पार्क में डिजिटल एक्वेरियम, वॉटर टनल, 3डी इंटरेक्टिव जोन भी होंगे। केंद्र सरकार ने इस प्रोजेक्ट के लिए 25 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। वहीं, प्रदेश सरकार 15 करोड़ रुपए दे रही है। इस तरह 40 करोड़ रुपए का यह बड़ा प्रोजेक्ट रहेगा।

#### ये रहेंगी सुविधाएं

एक्वा पार्क न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा, बल्कि



बच्चों के लिए रोमांच, शिक्षा, शोध और कौतूहल का नया केंद्र भी बनेगा। एक्वा पार्क में समुद्री और मीठे पानी की मछलियों की सैकड़ों प्रजातियां देखने को मिलेंगी। इसमें डिजिटल एक्वेरियम, वॉटर टनल, 3डी इंटरेक्टिव जोन, बच्चों के लिए सी-लाइफ लर्निंग सेंटर, रिसर्च सेंटर (मछली पालन की पारंपरिक और नवीन तकनीक की डेमोस्ट्रेशन यूनिट), मत्स्य सेवा केंद्र (मछली पालकों के प्रशिक्षण के लिए) होंगे। इस पार्क में आंत्रप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट और इन्क्यूबेशन सेंटर, कैफेटेरिया (रंगीन मछलियों का प्रदर्शन और मछली से जुड़े गिफ्ट आइटम) एवं पर्यावरण शिक्षा और संरक्षण जैसे कार्यक्रम भी उपलब्ध होंगे।

#### प्रकृति के लिए संवेदनशील होंगे युवा

एक्वा पार्क के जरिए नई पीढ़ी सिर्फ मछलियां नहीं देखेगी, बल्कि पानी और प्रकृति के प्रति संवेदनशील भी बन सकेगी। इस पार्क का निर्माण भदभदा स्थित मछलीघर में प्रस्तावित है। एक्वा पार्क इतिहास और भविष्य के बीच एक पुल बनने जा रहा है। राजधानी भोपाल के लिए यह केवल एक पर्यटन स्थल ही नहीं, बल्कि स्मृतियों के गलियारे में सैर करने जैसा अनुभव होगा। पुराने मछलीघर में हाथों में गुब्बारा लेकर रंग-बिरंगी मछलियों को देखने वाले लोग अब अपने बच्चों का हाथ पकड़कर उसी जगह फिर लौटेंगे, लेकिन इस बार रोशनी और तकनीक से सजा हुआ एक भव्य एक्वा पार्क उनकी नई यादों की शुरुआत करेगा।

#### पहले मिंटो हॉल के पीछे था मछली घर

भोपाल सहित पूरे प्रदेश से भोपाल आने वाले पर्यटकों के जेहन में मछलीघर की एक खास जगह है। कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन हॉल (मिंटो हॉल) के पीछे पुराना मछलीघर था, जहां स्कूल की पिकनिक होती थी। रंगबिरंगी मछलियों को देखकर चौंकते, मुस्कुराते और कभी-कभी डर भी जाते थे। नीली रोशनी में तैरती सुनहरी मछलियां मानो कैनवास पर बनी कोई पेंटिंग थीं। वक्त बीत गया और अब मछलीघर अतीत को समेटे हुए फिर से भोपाल में एक नई पहचान के साथ लौटने जा रहा है। देश के सबसे सुंदर और आधुनिक एक्वा पार्क में से एक भोपाल में आकार लेने जा रहा है।

संपादकीय

# 'अर्बन नक्सलियों' के खिलाफ सख्त कार्रवाई

महाराष्ट्र विधानसभा में स्पेशल पब्लिक सिक्यॉरिटी बिल ध्वनिमत से पास हुआ. सीएम देवेंद्र फडणवीस ने राज्य में कानून-व्यवस्था की मजबूती के लिए इसे जरूरी बताया है. लेकिन इस बिल से जुड़े कुछ सवाल हैं, जिनके जवाब मिलने चाहिए. विपक्ष ने भी जो आशंकाएं जाहिर की हैं, उन्हें यह कहकर खारिज नहीं किया जा सकता कि विपक्ष तो विरोध करेगा ही. सीएम फडणवीस ने कहा है कि यह बिल 'अर्बन नक्सलियों' के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को लाया गया है. नक्सलवाद की समस्या से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन महाराष्ट्र सरकार जिस 'अर्बन नक्सल' की बात कह रही है, उसकी कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं बताई जा रही. यह शब्द पिछले दशक से चलन में आया है. लेकिन, इसकी स्पष्ट व्याख्या की जरूरत है, ताकि इस शब्द की आड़ में वैचारिक विरोध और असहमति की आवाज को न दबाया जा सके. विपक्ष को भी मुख्य एतराज इसी बात पर है कि बिल में लेफ्ट विंग उग्रवादी विचारधारा की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है. हालांकि सीएम भरोसा दे रहे हैं कि नए कानून का उपयोग राजनीतिक प्रदर्शनकारियों और कार्यकर्ताओं के खिलाफ नहीं किया जाएगा. उन्होंने यही बात लेफ्ट पार्टियों के लिए भी कही, लेकिन इतना काफी नहीं है. किसी भी कानून में सबसे अहम है प्रावधानों की स्पष्टता, ताकि उसे लागू करने में किसी तरह की परेशानी न आए. हालांकि महाराष्ट्र इस तरह के कानून लाने वाला कोई पहला राज्य नहीं है. इससे पहले चार अन्य राज्यों में ऐसा कानून लाया जा चुका है. लेकिन इससे यह सवाल समाप्त नहीं हो जाता कि आखिर ऐसा कानून लाने की क्या जरूरत आन पड़ी है. देश में नक्सलवाद की समस्या, सरकार के ही दावों के मुताबिक, अब अपनी आखिरी सांसें गिन रही है. देश में नक्सल प्रभावित जिलों की जो संख्या एक समय 180 तक चली गई थी, वह अब 18 रह गई है. इनमें भी ज्यादा प्रभावित जिले 6 बताए जाते हैं. फडणवीस के ही मुताबिक महाराष्ट्र में केवल दो तालुकाओं में नक्सली गतिविधियां बची हैं. तो जो समस्या यों भी खत्म होने पर है, उसके लिए इतने कड़े इस नए कानून की जरूरत क्यों समझी जा रही है? महाराष्ट्र में मकोका और UAPA जैसे सख्त कानून पहले से हैं. ऐसे में 'अर्बन नक्सल' जैसी अस्पष्ट सोच के साथ जोड़कर इतना कड़ा कानून लाए जाने से यह आशंका मजबूत होती है कि कहीं इसका दुरुपयोग आम लोगों के असंतोष को दबाने में न किया जाने लगे.



> देश में नक्सलवाद की समस्या, सरकार के ही दावों के मुताबिक, अब अपनी आखिरी सांसें गिन रही है. देश में नक्सल प्रभावित जिलों की जो संख्या एक समय 180 तक चली गई थी, वह अब 18 रह गई है. इनमें भी ज्यादा प्रभावित जिले 6 बताए जाते हैं. फडणवीस के ही मुताबिक महाराष्ट्र में केवल दो तालुकाओं में नक्सली गतिविधियां बची हैं. तो जो समस्या यों भी खत्म होने पर है, उसके लिए इतने कड़े इस नए कानून की जरूरत क्यों समझी जा रही है? महाराष्ट्र में मकोका और UAPA जैसे सख्त कानून पहले से हैं.

# बोझ के बजाय सुगमता बढ़ाएं कानून

> दिग्गज फैशन ब्रांड एचएंडएम को 2016 में एक स्वेटर का माप 1.22 मीटर के बजाय 122 सेंटीमीटर बताना महंगा पड़ गया. इस कारण उस पर आपराधिक मुकदमा दर्ज हुआ. इसी तरह ब्रिटानिया पर भी मैट्रोलोजी कानून यानी माप से जुड़े कानून के तहत एक थोक बाक्स पर 120 एन या 120 यू के बजाय '120 पैक्स' लिखने के लिए मुकदमा चलाया गया. लेबलिंग नियमों के उल्लंघन पर आइटीसी को मध्य प्रदेश में छह साल तक कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी.


आज के सूचना प्रधान युग में उपभोक्ता खुद काफी मुखर होकर इंटरनेट मीडिया के मंचों पर अपनी आवाज उठाते हैं. इसके बावजूद कुछ लोग ठगी से बाज नहीं आते जिनसे निपटने के लिए कानूनी सख्ती आवश्यक है. इस संदर्भ में एक आसान तरीका यह हो सकता है कि ग्राहक की शिकायत पर जांच शुरू की जाए या अधिकारी बाजार से कोई सामान खरीदकर उसका वजन या माप जांचें. दिग्गज फैशन ब्रांड एचएंडएम को 2016 में एक स्वेटर का माप 1.22 मीटर के बजाय 122 सेंटीमीटर बताना महंगा पड़ गया. इस कारण उस पर आपराधिक मुकदमा दर्ज हुआ. इसी तरह ब्रिटानिया पर भी मैट्रोलोजी कानून यानी माप से जुड़े कानून के तहत एक थोक बाक्स पर 120 एन या 120 यू के बजाय '120 पपैक्स'




लिखने के लिए मुकदमा चलाया गया. लेबलिंग नियमों के उल्लंघन पर आइटीसी को मध्य प्रदेश में छह साल तक कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी, क्योंकि उसने अरहर दाल के पैकेट पर एक साधारण वाक्यांश 'जब पैक किया गया' लिख दिया, जो तय नियमों में नहीं आता था. ये कुछ मिसालें हैं, जो मैट्रोलोजी कानूनों की जटिलताओं के चलते कानून व्यवस्था पर पड़ने वाले अनावश्यक बोझ को दर्शाती हैं. इसका अनुमान इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि 2021-22 में ही अप्रमाणित वजन और माप की वजह से 35,840 मामले दर्ज किए गए. मैट्रोलोजी कानून यानी 'विधिक माप-विज्ञान अधिनियम' का मूल उद्देश्य उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा है, ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि सामान का वजन और माप सही हो. यह कानून सुनिश्चित करता है कि जब आप कुछ खरीदते हैं तो आपको उतनी ही मात्रा या माप की वस्तु मिले, जितनी पैकेट पर लिखी हुई है. प्री-पैक्ड वस्तुओं की लेबलिंग के मामले भी इसी के अंतर्गत आते हैं. जैसे प्रोडक्ट का नाम, वजन और निर्माता की जानकारी आदि. इस कानून के तहत ऐसे व्यवसाय, जो वजन और माप संबंधी उपकरण बनाते, बेचते, आयात या मरम्मत करते हैं, उन्हें लाइसेंस प्राप्त करना भी अनिवार्य है. भले ही किसी व्यवसाय का गलत इरादा न हो, पर यह कानून व्यवसायों पर बड़ा बोझ डालता है. हमने इस संदर्भ में कुछ चुनौतियों और उनके समाधान प्रस्तुत करने का प्रयास किया है. पहला, हमारी मौजूदा लेबलिंग आवश्यकताएं अत्यंत जटिल हैं और मौजूदा नियमों में बहुत ही सूक्ष्म निर्देश दिए गए हैं. उदाहरण के रूप में अंकों की माप, शब्दों की ऊंचाई और चौड़ाई और लेबल का आकार आदि. हमें अंक, शब्दों की माप, पैकेजिंग कवर के प्रतिशत आदि से संबंधित निर्धारित आवश्यकताओं से हटकर व्यावहारिक मापदंडों का उपयोग करना चाहिए. जैसे लेबल स्पष्ट रूप से चिह्नित हो, प्रमुखता से दिखाई दे और आसानी से पढ़ा जा सके और यदि विस्तृत जानकारी की आवश्यकता है तो उसे क्विक-रिस्पांस यानी क्यूआर कोड से जोड़ा जा सकता है. कुछ इलेक्ट्रानिक उत्पादों और दवाओं में ऐसा किया भी जाता है, ताकि ग्राहक सही जानकारी हासिल कर सकें. दूसरा, जिन उत्पादों के लिए आम तौर पर मीट्रिक प्रणाली का प्रयोग नहीं किया जाता है, वहां अन्य उपयोग स्वीकार किए जाने चाहिए. ऐसा न करने से भ्रम की स्थिति पैदा होती है.

# सोच पर सवाल है गुरुग्राम की त्रासदी

आज मौका मिलने पर हर क्षेत्र में लड़कियों ने अपनी क्षमताएं साबित की हैं और यह किसी भी समाज के लिए एक स्वागतयोग्य तस्वीर है. एक विकासमान समाज तभी तक आगे का सफर जारी रख सकता है, जब वह बदलते वक्त के नए मूल्यों को आत्मसात करता है और अपने प्रगतिशील विवेक के साथ बदलाव में संतुलन कायम रखता है. विडंबना यह है कि कई बार समाज की नई पीढ़ी बदलाव में अपनी जगह बनाने के लिए वक्त की जरूरतों के साथ तालमेल बिठाने की कोशिश करती है, लेकिन उसके सामने तंगनजरी या संकीर्णताएं दीवार बन कर खड़ी हो जाती हैं. इस तरह की बाधाएं कई बार इतनी सख्त होती हैं कि उसमें मानवीय संवेदनाओं के लिए भी गुंजाइश नहीं बचती और अपने विवेक से अपना भविष्य बनाने या जीवन-मूल्य चुनने वाले किसी युवा को हिंसा के बल पर रोकना हल मान लिया जाता है. दिल्ली से सटे गुरुग्राम में जिस तरह एक व्यक्ति ने अपनी बेटी की हत्या कर दी, उसने एक बार फिर सबको यह सोचने पर मजबूर किया है कि आजादी के सात दशक बाद और विकास के तमाम



आधुनिक मूल्यों के बीच समाज आखिर विरोधाभासों की कितनी परतों के बीच जीता है! गौरतलब है कि गुरुग्राम में गुरुवार को राज्य स्तरीय टेनिस खिलाड़ी रही एक लड़की की उसके पिता ने गुस्से में आकर गोली मार कर हत्या कर दी. खबरों के मुताबिक, इसकी वजह यह थी कि बेटी के एक टेनिस अकादमी चलाने की वजह से पिता को समाज में कुछ लोग अक्सर ताने मारते थे. किसी भी स्थिति में क्या यह इतनी बड़ी वजह हो सकती है कि इससे खफा होकर कोई पिता अपनी बेटी की जान तक ले ले? संभव है कि पिता ने अपनी बेटी के टेनिस खिलाड़ी बनने और संघर्ष करके राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के सफर में हरसंभव योगदान दिया होगा. मगर उसके लिए समाज के ताने इतने भारी क्यों हो गए कि वह उसी बेटी का दुश्मन हो गया? आज मौका मिलने पर हर क्षेत्र में लड़कियों ने अपनी क्षमताएं साबित की हैं और यह किसी भी समाज के लिए एक स्वागतयोग्य तस्वीर है. लेकिन यह भी एक तकलीफदेह सच है कि इस समाज का ज्यादातर हिस्सा जिस जड़ता के मानस और पारंपरिक मूल्यों के दायरे में जीता है, उसके बीच एक लड़की का चारदीवारी से बाहर अपनी जगह बनाना, व्यक्तित्व का विकास करना बेहद जद्दोजहद से भरा सफर होता है.

# रिश्तों को संवारने की नई पाठशाला



यदि कोई संबंध न चल रहा हो उससे अलग होना हो तो बेहतर है कि बच्चों को दुनिया में न लाया जाए. 'तेरे-मेरे सपने' जैसी पहल अच्छी है यदि वह युवाओं को जीवन की वास्तविकता बता सके. जीवन सिर्फ इंस्टाग्राम फेसबुक आदि पर कुछ शेयर करने या रील बनाने के लिए ही नहीं है. उसके अर्थ बहुत व्यापक हैं. देवानंद, मुमताज और चेतन आनंद अभिनीत एक हिट फिल्म आई थी-तेरे-मेरे सपने. इससे पहले देवानंद की ही फिल्म गाइड का गाना युवाओं की जुबान पर चढ़ गया था-तेरे-मेरे सपने अब एक रंग हैं. हालांकि पचास साल से अधिक के समय में बहुत कुछ बदल चुका है. संबंधों में भावुकता के मुकाबले 'प्रेक्टिकलिटी' ने स्थान बना लिया है. मामूली बातों पर संबंध खत्म हो रहे हैं. यदि किसी ने हैप्पी बर्थडे नहीं कहा तो भी 'टाटा-बाय बाय'. वैवाहिक संबंधों में स्थायित्व तक नहीं रहा. बच्चे भी अब संबंध टूटने की राह में रोड़ा नहीं बनते. पिछले दिनों एक स्त्री ने चार बच्चों के होते हुए भी चार बच्चों के पिता से शादी रचा ली. इसी तरह एक महिला नौ बच्चों के होते हुए भी अपने पुरुष मित्र के साथ चली गई. उसका सबसे छोटा बच्चा आठ-नौ महीने का था. वह रो-रोकर मां को पुकारता रहा, लेकिन वह नहीं रुकी. यही हाल पुरुषों का भी है. किसी और महिला से संबंध बनाने के चक्कर में वे बाल-बच्चों को छोड़कर चले जाते हैं. इसके अलावा संबंधों में हत्या भी जोर पकड़ रही है. कोई पत्नी को मार रहा है, कोई पति को, तो कोई लिव इन पार्टनर को. हाल में इसी अखबार में खबर छपी कि ऐसी घटनाओं से महिला आयोग बहुत चिंतित है. इसलिए दस राज्यों के 24 शहरों में ऐसे संवाद केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जहां विवाह से पहले युवक-युवती आपस में बातचीत कर सकें. इन केंद्रों का नाम होगा-तेरे-मेरे सपने. यहां युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य, पारिवारिक जिम्मेदारियों को लेकर जागरूक किया जाएगा. माना जा रहा है कि इससे विवाह में स्थायित्व आएगा. तलाक में कमी आएगी. घरेलू हिंसा भी रोकी जा सकेगी. महिला आयोग ने इन केंद्रों से जोड़े जाने वाले लोगों के लिए एक सिलेबस तैयार किया है.उन्हें प्रशिक्षण भी दिया गया. मूल रूप से यह बातें बहुत अच्छी हैं, लेकिन ये सब पढ़ते हुए लगा कि क्या वाकई अब हमारे परिवारों में ऐसा कोई नहीं रहा, जो बच्चों को विवाह और उसकी जिम्मेदारियों के लिए तैयार कर सके.

# राशिफल





■ **मेष** : आज आपको दिन की शुरुआत एक्सरसाइज से करनी चाहिए. व्यापारियों को लाभ होने की संभावना है. नौकरी पेशा करने वालों को उन्नति व आय में वृद्धि मिल सकती है. दोस्तों के साथ एक रंगीन शाम बिताने का मौका मिलेगा. लोग आपके काम की तारीफ करेंगे.

■ **वृषभ** : आज आपको परेशानियों का समाधान मिल सकता है. अगर आप भविष्य में आर्थिक रूप से मजबूत बनना चाहते हैं तो आपको आज से ही पैसे बचाना शुरू कर देना होगा. आप अपने बिजी शेड्यूल से अपने लिए समय निकाल सकते हैं और अपने जीवनसाथी के साथ बाहर घूमने जा सकते हैं.

■ **मिथुन**: आज आपके जीवन में खुशियों का आगमन होगा. किसी अटके हुए धन की वापसी हो सकती है, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. जो लोग अभी तक सिंगल हैं, उनकी आज किसी खास शख्स से मुलाकात होने की संभावना है. खरीदारी करने के लिए आज का दिन अच्छा है.

■ **कर्क** : आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. अगर आप कर्ज लेने वाले थे और काफी समय से इस काम में लगे हुए थे तो आज आपके लिए भाग्यशाली दिन है. आपके घर का माहौल अच्छा रहेगा. आज आप अपने जीवन का सबसे अच्छा दिन अपने जीवनसाथी के साथ बिताएंगे.

■ **सिंह** : आज सेहत को लेकर सतर्क रहें. आज किसी पार्टी में आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से हो सकती है जो आपको अपना आर्थिक पक्ष मजबूत करने के लिए कोई महत्वपूर्ण सलाह दे सकता है. परिवार के सदस्यों का साथ मिलने से मन प्रसन्न रहेगा.

■ **कन्या** : आज आपको ऑफिस की पॉलिटिक्स से बचना चाहिए. कार्यस्थल पर आपके पिता की कोई सलाह लाभकारी साबित हो सकती है. आपको दोस्तों का साथ मिलेगा. वैवाहिक जीवन में मुश्किल दौर के बाद यह दिन आपको राहत देगा.

■ **तुला**: आज आप दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएंगे. आज आप पैसों से जुड़ी परेशानियों के कारण मन परेशान हो सकता है. भावुकता पर काबू रखें. आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आएगा. जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे.

■ **वृश्चिक** : आज आपको आर्थिक व व्यापारिक रूप से सफलता मिलेगी. कोई आपका दोस्त आज आपसे बड़ी रकम उधार मांग सकता है, लेकिन रुपए-पैसे के लेनदेन से पहले विचार करना जरूरी है. प्रभावशाली लोगों के साथ बातचीत से आज आपको व्यापार में विस्तार मिल सकता है.

■ **धनु**: आज आपकी एनर्जी का लेवल हाई रहेगा. आप अपने जीवनसाथी के साथ मिलकर धन पर चर्चा कर सकते हैं और अपने भविष्य के लिए अपने धन की प्लानिंग बना सकते हैं. मानसिक तनाव का सामना कर सकते हैं. आज का दिन वाकई बहुत रोमांटिक होने वाला है.

■ **मकर** : आज आपको शरीर से जुड़ी दिक्कतें हो सकती हैं. अगर आप भविष्य में आर्थिक रूप से मजबूत बनना चाहते हैं तो आपको आज से ही पैसे बचाना शुरू कर देना होगा. किसी व्यक्तिगत परेशानी को सुलझा सकते हैं. व्यापारियों को आर्थिक मुनाफा हो सकता है.

■ **कुंभ**: आज आपको अपनी डाइट पर नजर रखनी चाहिए. आपको बेवजह ज्यादा खर्च करने से खुद को रोकना चाहिए, नहीं तो पैसों की तंगी हो सकती है. परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे. आपका खराब मूड आपका जीवनसाथी किसी खास सरप्राइज से खुश हो जाएगा.

■ **मीन**: आज आपको शारीरिक रूप से कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं. आर्थिक पक्ष मजबूत होने की संभावना है. अगर आपने किसी व्यक्ति को पैसा उधार दिया था तो आज वह पैसा आपको वापस मिलने की उम्मीद है. जीवनसाथी का साथ मिलेगा.

## फिल्म वर्ग पहेली- 392



**बायें से दायें:-**

1. शशिकपूर, रेखा, नीना गुप्ता की 'सांझ ढले गगन तले' गीतवाली फिल्म-3
3. 'तेरी आंखों के सिवा' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-3
5. संजय दत्त, मनीषा, रवीना की 'अंख लड़ती है तो' गीत वाली फिल्म-2
7. सलीम दुर्रानी व परवीन बाबी की बी. आर. इशारा निर्देशित फिल्म-3
8. आफताब, उर्मिला की फिल्म-2
9. रवीना को किस फिल्म में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्री पुरस्कार मिला था-3
11. 'झूठे नैना बोले' गीत वाली फिल्म-3
12. धर्मेन्द्र, सायराबानो की 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-2
13. फिल्म 'मदर' में शीर्षक भूमिका किसने की थी?-2
14. इच्छाधारी सांपों पर आधारित एक बहुसितारा फिल्म-3
15. अक्षय, लारा, प्रियंका की 'किसी से तुम प्यार करो' गीत वाली फिल्म-3
17. गुरूदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-2
19. चंद्रचूड़, अरशद वारसी, तब्बू की 'पानी पानी रे' गीत वाली फिल्म-3
21. 'आओ तुम्हें चांद पे' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा, रीना की फिल्म-2
23. फिल्म 'विनाशक' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी?-3
25. 'ओरी छोरी' गीत वाली फिल्म-3
26. संजय, जैकी, शिल्पा, रवीना की फिल्म-2
27. फिल्म 'ड्रीमगर्ल' की नायिका थी-2
29. चंद्रचूड़, अरशद, मयूरी की फिल्म-3
31. धर्मेन्द्र, हेमा की 'चोरों को सारे नजर आते हैं' गीत वाली फिल्म-2,3
34. 'प्रहार' में डिम्पल का नायक?-2
35. अजय, आफताब, विवेक, रितेश, लारा दत्ता, अमुताराव, तारा शर्मा, जेनीलिया की फिल्म-2

**ऊपर से नीचे:-**

1. चंकी पांडे, जयाप्रदा, किमी की 'चीची वाला छल्ला' गीत वाली फिल्म-3
2. 'चांदा मामा दूर के' गीत वाली राजेंद्र कुमार, गीता बाली की फिल्म-3
3. अशोककुमार, मीनाकुमारी की 'मन रे तू काहे ना' गीत वाली फिल्म-4
4. 'आपकी याद आती' गीत वाली फारूख शेख, स्मिता पाटिल की फिल्म-3
6. 'जंगल' में उर्मिला का नायक?-4
10. 'जुबां पे दर्द भरी' गीत वाली राजकुमार, माला सिन्हा की फिल्म-3
12. 'बड़े मियां दीवाने' गीत वाली फिल्म-3
15. संदीव कुमार और देवेन वर्मा दोनों की दुहरी भूमिकाओं वाली फिल्म-3
16. 'रंग चला बहार चली' गीत वाली राजेश खन्ना, ऋषि, पूनम की फिल्म-3
18. संजयदत्त, सलमान, माधुरी की 'बहुत प्यार करते है' गीत वाली फिल्म-3
20. फिल्म 'तेरे नाम' का नायक?-4
22. सायराबानो की पहली फिल्म जिसके नायक शम्मीकपूर थे-3
24. 'चूड़ेवाली छमिया' गीत वाली सनी देओल, जयाप्रदा की फिल्म-3
28. बलराज साहनी, नूतन की 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-2
29. 'कोयल सी तेरी बोली' गीतवाली फिल्म-2
30. फिल्म 'ताजमहल' की नायिका?-2
32. रितिक, करीना की 'ऐरी रे ऐरी क्या है ये पहेली' गीत वाली फिल्म-2
33. 'तेरे दिल की तू जाने' गीत वाली फिल्म-2

**फिल्म वर्ग पहेली- 391 का हल**



■ मंगल सैणचा, बेंगलोर

## अंकजाल - 392

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 14 | 23 | 22 | | 32 | 14 | 19 | 13 | |
| 14 | 2 | | 5 | | 5 | | 9 | | 25 |
| 16 | | 3 | | | | 7 | | 4 | 16 |
| 15 | 2 | | 7 | | 9 | | 7 | | 21 |
| 26 | | 7 | | 5 | | | | | |
| | | | | | 9 | | 3 | | 30 |
| 21 | | 6 | | 3 | | 6 | | 5 | 15 |
| 16 | 2 | | 6 | | | | 8 | | 23 |
| 23 | | 8 | | 4 | | 6 | | 7 | 21 |
| | 12 | 19 | 19 | 23 | | 21 | 23 | 28 | |

**अंकजाल 391 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 21 | 17 | 24 | | 18 | 21 | 10 | 17 | |
| 18 | 5 | 4 | 9 | | 2 | 7 | 5 | 8 | 22 |
| 15 | 7 | 5 | 3 | | 2 | 7 | 3 | 4 | 16 |
| 15 | 2 | 6 | 7 | | 3 | 7 | 2 | 5 | 17 |
| 29 | 7 | 2 | 5 | 7 | 8 | | | | |
| | | | | 7 | 3 | 6 | 4 | 5 | 25 |
| 16 | 2 | 5 | 6 | 3 | | 7 | 8 | 8 | 23 |
| 23 | 5 | 8 | 6 | 4 | | 6 | 8 | 7 | 21 |
| 21 | 3 | 5 | 6 | 7 | | 3 | 2 | 7 | 12 |
| | 10 | 18 | 18 | 28 | | 22 | 22 | 27 | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 392

*शब्द जाल में 'आ' से शुरु होने वाले 10 शब्द ढूंढिए. दिए गए शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

आत्मलीन, आत्मप्रतिष्ठा, आचारवान, आगोश, आगाह, आनंद, आजीवन, आचार्य, आजादी, आचमन.

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | स | आ | त्म | ली | न | षा | गु | बा | प | दे |
| क | अ | अ | त्म | त | अ | ला | र | न | द | जू |
| आ | स | आ | क | प्र | न | भि | द | नं | जू | व |
| जी | अ | चा | आ | र | ति | गु | आ | प | दे | न |
| व | अ | र्य | त | अ | ला | ष्ठा | न | श | म | क |
| न | आ | चा | र | वा | न | द | शा | च | व | त |
| वा | अ | सौ | र | जा | ला | गु | आ | प | दे | आ |
| ह | आ | मो | व | आ | वा | द | ह | यु | व | ग |
| क | जा | ह | व | प | गो | द | व | प | र | र |
| र | दी | ब्ब | फा | प | स | श | ह | वि | बा | क |
| स | बा | तें | व | न | ज | द | आ | गा | ह | र |

**शब्दजाल - 391 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ची | दु | मे | रि | द्रो | णा | चा | र्य | न | प | क |
| न | र्यो | शा | प | इं | डो | भी | म | या | ड़ | क |
| अ | ध | जा | स | र | ग | स | द | ह | प | न |
| जी | न | ल | पा | न | दू | स | न | ह | र्जु | ल |
| त | या | अ | सौ | न | जा | ला | न्यु | अ | प | दे |
| आ | यु | इ | मो | व | प | म | क | ह | यु | बां |
| ग | धि | ल | ह | च | भि | रि | पा | व | प | ग |
| र | ष्ठ | भा | त्क | अ | प | स | रा | ब्रा | वि | ला |
| क | र | टो | तें | व | न | क | र्ण | शा | जू | दे |
| र | घ | ल | प | व | सिं | ल | स | अ | प | श |
| बां | स | ल | भी | ष्म | पि | ता | मा | ह | क | र |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# आयोग अधिक सुलभ दस्तावेज़ों को शामिल करे



भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बिहार में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के संबंध में की गई तीखी टिप्पणियाँ भारत के चुनाव आयोग (ECI) के लिए एक महत्वपूर्ण सुधार हैं, जिस पर उसे तुरंत ध्यान देना चाहिए. पहचान सत्यापन के लिए स्वीकार्य दस्तावेज़ों में आधार, मतदाता फोटो पहचान पत्र और राशन कार्ड को शामिल करने पर विचार करने का ECI से आग्रह करके, न्यायालय ने SIR की इस आलोचना को स्वीकार किया है कि सत्यापन के लिए सूचीबद्ध 11 दस्तावेज़ मतदाता पंजीकरण में एक प्रतिबंधात्मक और अनावश्यक बाधा हैं. न्यायालय ने ECI को समावेशिता की ओर इस तरह प्रेरित किया है जिससे SIR से जुड़े मूल मुद्दों को सुलझाने में मदद मिल सके. न्यायालय ने सही ही कहा कि ₹एसआईआर की पूरी प्रक्रिया केवल पहचान के बारे में है₹, वर्तमान में सूचीबद्ध 11 दस्तावेजों में से कोई भी ₹नागरिकता के लिए महत्वपूर्ण₹ नहीं है, और ये सभी पहचान साबित करने के लिए हैं. न्यायालय ने यह भी सही ही सवाल उठाया कि आधार, जिसे ₹अन्य दस्तावेज प्राप्त करने के लिए बुनियादी माना जाता है₹, को क्यों बाहर रखा गया है जबकि जाति प्रमाण पत्र जैसे आश्रित दस्तावेजों को स्वीकार किया जाता है, जिससे चुनाव आयोग की स्थिति में विसंगति उजागर होती है. आधार को नागरिकता के बजाय केवल निवास साबित करने के रूप में मानने पर चुनाव आयोग की आपत्ति, कानूनी मिसालों के अलावा, बिहार की व्यावहारिक वास्तविकताओं की गलतफहमी को उजागर करती है. उदाहरण के लिए, आंकड़े बताते हैं कि बिहार की 87% आबादी के पास आधार कार्ड है, जबकि केवल 45%-50% लोग ही मैट्रिक पास हैं और लगभग 2% के पास ही पासपोर्ट हैं. न्यायालय के पहले के फैसले भी प्रासंगिक बने हुए हैं, जिन्होंने पिछले चुनावों में पहले से नामांकित मतदाताओं पर ₹नागरिकता साबित करने का दायित्व₹ डालने को निर्णायक रूप से खारिज कर दिया था. यह मिसाल एसआईआर के उस दृष्टिकोण का

राष्ट्रबाण
सिवनी, रविवार 13 जुलाई 2025

जबलपुर राष्ट्रबाण
• सोहगपुर • ब्योहारी • जयसिंहपुर • जैतपुर

# हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक के घर पुलिस की सर्चिंग

## 50 हजार के ईनामी आरोपियों को लेकर पहुंची ओमती पुलिस ; ताला तोड़कर अंदर में घुसी

जबलपुर। राष्ट्रबाण

हिस्ट्रीशीटर बदमाश अब्दुल रज्जाक के बेटे,भाई और भतीजे सहित चार लोगों को जबलपुर पुलिस ने गुरुवार देर रात सिवनी पुलिस के साथ मिलकर पेंच नेशनल पार्क से गिरफ्तार किया था। शनिवार को कोर्ट से रिमांड में लेकर पुलिस चारों आरोपियों को ओमती स्थित घर लेकर पहुंची। इस दौरान आधा दर्जन से अधिक थानों की पुलिस मौके पर मौजूद रही। पुलिस का मानना है कि अब्दुल रज्जाक के घर पर सर्चिंग में कई अहम दस्तावेज और जानकारियां मिल सकती है। अब्दुल रज्जाक बीते कई माह से जबलपुर केंद्रीय जेल में बंद है। उसका बेटा और भाई फरार थे, जिसके बाद एसपी ने 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

### 5 थानों से 100 जवान पहुंचे रज्जाक के घर

शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस रज्जाक के बेटे सहित अन्य तीन लोगों को लेकर बड़ी ओमती स्थित उनके घर पहुंची, इस दौरान लोगों की बड़ी संख्या में भीड़ लग गई। रज्जाक के घर पर ताला लगा होने के कारण करीब एक घंटे तक पुलिस ने चाबी मिलने का इंतजार किया, पर जब घर का ताला नहीं खुला तो पुलिस ताला तोड़कर अंदर गई। हालांकि पुलिस को अभी तक कुछ नहीं मिला है। रज्जाक के घर पर पांच थाने के 100 से अधिक जवान पहुंचे थे। ओमती सीएसपी के नेतृत्व में बेलबाग, घमापुर, लार्डगंज, ओमती, सिविल लाइन थाने के पुलिस मौजूद रही। अब्दुल रज्जाक और उसका गिरोह लंबे समय से जबलपुर पुलिस के रडार पर है। साल 2021 में विजयनगर स्थित एक गैरेज में कार मरम्मत को लेकर गैंग के सदस्यों का अभ्युदय चौबे से विवाद हो गया था। रज्जाक के भतीजे शहबाज ने अपने साथियों के साथ मिलकर गैरेज में तोड़फोड़ की थी और युवक पर जानलेवा हमला किया था। घटना के बाद पुलिस ने शहबाज को गिरफ्तार किया था, उसके घर से कई हथियार भी बरामद किए गए थे। वहीं, गैंग के अन्य सदस्य फरार हो गए थे। इसी मामले की जांच के दौरान गैंग के अन्य आपराधिक कारनामों का भी खुलासा हुआ था। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रज्जाक गैंग की अन्य गतिविधियों, हथियारों की सप्लाई, और आपराधिक नेटवर्क से जुड़ी जानकारी जुटाने में लगी है। सीएसपी सोनू कुर्मी ने बताया कि कोर्ट के निर्देश पर अब्दुल रज्जाक के घर की सर्चिंग की जा रही है। गुरुवार को अब्दुल रज्जाक के बेटे, भाई, भतीजे सहित चार लोगों को सिवनी से गिरफ्तार किया गया था, इनके पास से पिस्टल और 50 हजार नगद सहित दो लग्जरी कार भी बरामद हुई है। आरोपियों के घर पर अभी सर्चिंग की जा रही है, क्या मिलता है, यह बाद में बताया जाएगा।





**ऐसी हुई थी गिरफ्तारी**

जबलपुर पुलिस ने गुरुवार रात सिवनी जिले के पेंच टाइगर रिजर्व स्थित ओलिव रिसॉर्ट में छापामार कार्रवाई कर कुख्यात हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक के गैंग के चार फरार सदस्यों को गिरफ्तार किया। ये सभी एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने पहुंचे थे। पुलिस की गिरफ्त में आए रज्जाक का बेटा सरफराज, भाई मोहम्मद मेहमूद, भतीजा अजहर और साथी सज्जाद से दो कार और एक लोडेड पिस्टल बरामद हुई थी। सभी के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# प्यार में धोखा देने पर जलाया था प्रेमी का घर, थाने में शिकायत के 24 घंटे बाद बनी सहमती

## पुलिस बोली- दोनों पक्ष कोई कार्रवाई नहीं चाहते



जबलपुर। राष्ट्रबाण

जबलपुर में शुक्रवार को प्रेमी के घर आग लगाने वाली महिला के मामले में नया मोड़ सामने आया है। घटना के बाद रांझी थाने पहुंचे दोनों पक्ष ने आपसी समझौते के बाद शिकायत वापस ले ली। प्रेमी-प्रेमिका और उसकी पत्नी के इस विवाद में 24 घटें तक तीन थाने की पुलिस जांच में जुटी रही। शनिवार को प्रेमिका की शिकायत के बाद थाने पहुंचे प्रेमी के बीच राजीनामा हो गया और शिकायत वापस ले ली गई।

### यह है पूरा मामला

दरअसल, जबलपुर की एक महिला अपने प्रेमी की शादी करने की बात सुनकर इस कदर नाराज हुई कि शुक्रवार को उसने घर जाकर आग लगा दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आग को जैसे-तैसे तो बुझा दिया, पर तब तक घर में रखा लाखों रुपए का समान जलकर राख हो गया था। महिला नेहा की करीब डेढ़ साल पहले डिलीवरी बॉय विजय सोनी से पहचान हुई थी, इसके बाद दोनों की आपस में बात शुरू हो गई। महिला का कहना था कि उसके प्रेमी ने उसे धोखा दिया है, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। घटना कुदवारी क्षेत्र के प्रधानमंत्री आवास की है।

### रास्ते में आते वक्त हुई थी दोस्ती

करीब डेढ़ साल पहले रांझी निवासी महिला नेहा की बड़े फुहारा चौराहे पर मुलाकात हुई थी। विजय सोनी से उसने लिफ्ट मांगी। विजय ने महिला को रेलवे स्टेशन में छोड़ दिया, इस बीच दोनों ने एक दूसरे को अपना-अपना मोबाइल नंबर दे दिया। जिसके बाद दोनों की अक्सर फोन पर बात होने लगी। विजय और नेहा के बीच दोस्ती हुई, फिर प्यार हो गया। दोनों लिव इन रिलेशन में रहने लगे। साथ में कई बार घूमना, दोनों को एक दूसरे के घर आना-जाना भी होने लगा। युवती का कहना था को बीते एक साल से दोनों पति-पत्नी के रूप में रह रहे थे। महिला ने बताया कि विजय ने उससे दोस्ती का वादा किया था। लेकिन गुरुवार की रात को महिला को पता चला कि विजय किसी दूसरी लड़की से शादी हो गई। जानकारी लगते ही उसने विजय को कॉल किया, पर जब उसने फोन नहीं उठाया तो गुस्से में आकर महिला कुदवारी स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने फ्लैट नंबर 303 में पहुंची, जहां विजय अपने परिवार वालों के साथ बैठा हुआ था। महिला का विजय से विवाद हो गया, इस बीच उसने घर को आग के हवाले कर दिया।



**मामला एक- जांच में जुटी थी तीन थानों की पुलिस**

विजय के घर पर आग लगाने के बाद महिला गोहलपुर थाने पहुंची। महिला ने बताया कि उसने कुदवारी स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनी बिल्डिंग में फ्लैट नंबर 303 में रहने वाले विजय सोनी के घर पर आग लगा दी है। सूचना के कुछ ही देर बाद घटनास्थल पहुंची, जहां रहने वाले लोगों ने तब तक आग को बुझा दिया था। महिला ने गोहलपुर थाना पुलिस को बताया कि विजय ने उसके साथ धोखा किया है, इसलिए सजा देने के लिए उसने घर पर आग लगा दी है। घटनास्थल आधारताल थाने का था, इसलिए गोहलपुर पुलिस ने वहां पर सूचना दी। इसके बाद नेहा ने राझी थाने जाकर विजय के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

**पत्नी को लेकर थाने पहुंचा प्रेमी यहीं हुई सुलह**

विजय की प्रेमिका नेहा ने रांझी थाने मे विजय के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसके बाद पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए थाने बुलाया। विजय सोनी ने जिस लड़की से विवाह किया था, उसे लेकर रांझी थाने पहुंचा और बताया कि उसकी महिला से दोस्ती थी, पर उसने यह बात छिपाई थी कि उसकी पहले ही दो बार शादी हो चुकी है। इधर महिला का का कहना था कि विजय डेढ़ साल से लिविंग में रह रहा था, शादी का वादा भी किया था, पर अब वह शादी नहीं कर रहा है। और धोखा देते हुए किसी और लड़की से शादी कर ली। जिसके बाद पुलिस ने तीनों को एक साथ बैठकर सुलह करने की समझाइश दी।

**प्रेमिका बोली- अब शिकायत नहीं करना**

आपसी चर्चा और सहमति के बाद विजय सोनी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाने रांझी थाने पहुंची नेहा ने पुलिस से एफआईआर नहीं करने और समझौता करवाने की बात कही। नेहा ने पुलिस का कि वह प्रेमी विजय के साथ सिर्फ उसके साथ रहना चाहती है। जिसके बाद यह तय हुआ कि दोनों एक दूसरे के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं चाहते है।

**दोनों ने शिकायत नहीं की**

बीते 24 घंटे से जबलपुर के तीन थानों की पुलिस विजय और उसकी प्रेमिका के केस में उलझी थी। कभी दोनों कहते कि, उनके खिलाफ कार्रवाई होना चाहिए, तो कभी कहते कि एक- दूसरे के साथ रहना चाहते है। शनिवार को रांझी थाने पहुंचे विजय और महिला की पुलिस ने काउंसलिंग कराई, जहां उनका कहना था कि वह अब अपने-अपने घर जा रहे है। विजय के साथ नवविवाहिता पत्नी भी थाने पहुंची। रांझी थानाप्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि इस मामले में पहले ही जबलपुर के गोहलपुर और आधारताल थाना पुलिस जांच कर रही है। महिला ने थाने आकर विजय के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसे पूछताछ के लिए जब थाने बुलाया तो उसके सामने महिला का कहना था कि वह किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं चाहती है। मामले में सुलह के बाद दोनों पक्ष रवाना हो गए।

# रेलवे स्टेशन के एस्केलेटर में फंसा बच्चे का पैर

## 45 मिनट तक दर्द से कराहता रहा,मां के साथ जा रहा था शहडोल ;निजी अस्पताल में भर्ती

जबलपुर। राष्ट्रबाण

जबलपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते समय माला बंसल के 4 साल के बेटे वारिस बंसल का पैर एस्केलेटर में फंस गया। बच्चे की चीख सुनकर एस्केलेटर बंद कराकर रेस्क्यू शुरू किया गया। करीब 45 मिनट बाद बच्चे का पैर निकल पाया। इस दौरान वह दर्द से कराहता रहा। रेलवे प्रबंधन ने बच्चे को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत ठीक है। घटना गुरुवार रात की है। माला बंसल अमरकंटक ट्रेन से अपने मायके शहडोल जा रही थीं। वे प्लेटफार्म-6 पर ट्रेन का इंतजार करते हुए मोबाइल चला रही थीं और उनका बेटा खेल रहा था। वह एस्केलेटर के पास काफी देर तक खेलता रहा। इस बीच बच्चे का एस्केलेटर में पैर फंस गया। बच्चे की चीख सुनकर मां के साथ-साथ आसपास बैठे यात्री भी दौड़े और एस्केलेटर बंद कराया। फिर रेलवे के अधिकारियों और आरपीएफ को सूचना दी गई। इसके बाद इंजीनियर आए और रेस्क्यू शुरू हुआ। 45 मिनट की मशक्कत के बाद बच्चे का पैर एस्केलेटर से निकला। उसके पैर में गंभीर चोट आई है। रेस्क्यू के दौरान सीनियर डीसीएम मधुर वर्मा और आरपीएफ पोस्ट प्रभारी सुधीर कुमार भी मौके पर पहुंच गए। रेलवे प्रबंधन ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।



**मोबाइल पर था मां का ध्यान**

घटना के समय बच्चे की मां माला बंसल का ध्यान मोबाइल पर था। दरअसल, ट्रेन आने में समय था, इसलिए माला ने मोबाइल निकाला और स्क्रॉल करना शुरू कर दिया। वहीं बच्चा बगल में खेल रहा था। खेलते-खेलते वह एस्केलेटर तक पहुंच गया और दुर्घटना हो गई।

**लोहे की रॉड की मदद से निकला पैर**

बच्चे का पैर निकालने के लिए इंजीनियर ने काफी मशक्कत की। इसके लिए लोहे की रॉड लाई गई। रॉड का एस्केलेटर में फंसाकर खींचा गया। तब जाकर पैर बाहर निकला। पैर खून से लथपथ था। आरपीएफ की टीम ने तुरंत बच्चे को लिया और निजी अस्पताल लेकर पहुंची। माया बंसल ने बताया कि बेटे के पैर का ऑपरेशन हुआ है। इलाज का पूरा खर्चा रेलवे प्रशासन उठा रहा है।

# जीएनएम कोर्स के नियमों को हाईकोर्ट में चुनौती, याचिका खारिज

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश मातृ मृत्यु दर में देश में अव्वल रहा है। लिहाजा मध्य प्रदेश सरकार ने मृत्यु दर कम करने के प्रयासों के चलते जीएनएम (जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी) पद पर भर्ती के नियम 2024 में बदलाव कर दिया है। इस पद के लिए अब बायोलॉजी विषय के साथ 12वीं कक्षा पास करना अनिवार्य है। हरदा के लाल बहादुर शास्त्री व्यवसायिक अध्ययन महाविद्यालय और 39 अन्य ने इस नियम को हाईकोर्ट में चुनौती दी। कोर्ट ने नियमों को सही बताते हुए याचिका खारिज कर दी। याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट में तर्क रखा कि नियमों में बदलाव कर बायोलॉजी विषय के साथ 12वीं कक्षा पास करने की अनिवार्यता से जीएनएम कोर्स के लिए उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं। इस कोर्स में इस वर्ष महज 139 सीटें भरी हैं और 8388 अभी भी खाली हैं। याचिकाकर्ताओं ने मांग की थी कि सरकार को नियमों में संशोधन करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि खाली सीटों पर उम्मीदवारों को प्रवेश मिल सके। हाईकोर्ट जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस डीके पालीवाल की बेंच ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई करते हुए नियम और योग्य उम्मीदवारों की नियुक्ति के लिए सरकार के कड़े नियमों को सही बताया है। हालांकि बेंच ने सरकार को यह भी सलाह दी है कि वह ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य केद्रों और एम्बुलेंस की संख्या बढ़ाने के साथ बेहतर सड़क भी उपलब्ध कराए, ताकि मरीजों का समय पर इलाज हो सके। राज्य सरकार की ओर से उपमहाधिवक्ता अभिजीत अवस्थी और इंडियन नर्सिंग काउंसिल की ओर से अधिवक्ता मोहन सौंसरकर ने पक्ष रखा।

# ज्यादा ब्याज के लालच में फंसा व्यापारी, उसके 55 लाख रुपये हड़प गया बैंक अधिकारी

जबलपुर। राष्ट्रबाण

गोरखपुर थाना क्षेत्र के एक निजी बैंक के अधिकारी ने उनकी शाखा से लेन-देन करने वाले एक व्यापारी को ज्यादा ब्याज के लालच में फंसाया। निवेश के नाम पर उसके 55 लाख रुपये हड़प कर गायब हो गया। मामले में शुक्रवार को आरोपित बैंक अधिकारी अंकित कुमार पटेल के विरुद्ध गोरखपुर थाना में धोखाधड़ी का एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपित फरार है।

**यह है पूरा मामला**

कटंगा निवासी विनोद कुमार सविता (51) विनोद एंड एसोसिएट और पोरस ग्रुप फार्मलैण्ड फर्म के संचालक है। उनकी दोनों फर्म का एक्सिस बैंक की कटंगा शाखा में खाता है। जिससे लेन-देन को लेकर विनोद का बैंक में आना-जाना रहता है। इसी दौरान बैंक में सहायक प्रबंधक अंकित कुमार पटेल उनके कार्यों में सहयोग करने लगा। धीरे-धीरे उनकी पहचान बढ़ गई। इस दौरान व्यापारी से सहायक प्रबंधक बैंक से संबंधित कई बातें भी साझा करने लगा। एक दिन बातों-बातों में उसने विनोद को बताया कि बैंक में कई खाते एनपीए (गैर निष्पादित परिसंपत्ति) हो रहे है। इससे बैंक की साख प्रभावित होगी। यदि वह ऐसे खातों में कुछ राशि निवेश कर उन्हें एनपीए होने से बचाता है तो बैंक की ओर से कई अतिरिक्त सुविधाएं एवं लाभ दिया जाएगा। जमा की गई राशि को बैंक एक प्रतिशत अधिक ब्याज के साथ वापस करेगा। इस झांसे में विनोद आ गए।

**फोन बंद कर लिया तो संदेह बढ़ा**

सहायक प्रबंधक ने विनोद को वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर जमा की गई राशि को वापस करने का बोला था। अप्रैल माह में जब विनोद ने उसे फोन किया तो भुगतान प्रक्रिया में होना बताया। कुछ समय बाद दोबारा फोन करने पर उसने स्वास्थ्य खराब होना बताया। ठीक होते ही उसके रुपये वापसी की प्रक्रिया करने की बात कही। फिर कुछ समय बाद उसने फोन उठाना बंद कर दिया। कुछ समय से उसका फोन बंद बताने लगा। तब विनोद ने पुलिस के पास पहुंचकर धोखाधड़ी की शिकायत किया।

## हाईकोर्ट ने जनहित याचिका की स्वीकार ; पैरामेडिकल चेयरमैन, रजिस्ट्रार को पक्षकार बनाने के निर्देश

# नर्सिंग के बाद अब पैरामेडिकल फर्जीवाड़ा

जबलपुर। राष्ट्रबाण

जबलपुर हाईकोर्ट में मध्यप्रदेश के पैरामेडिकल कॉलेजों की मान्यता देने में फर्जीवाड़े का आरोप लगाते हुए जनहित याचिका दायर की गई है। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने आवेदन को स्वीकार कर लिया है। याचिका में बताया है कि बिना एनरोलमेंट छात्रों को कॉलेजों में दाखिला दिए गए हैं। हाईकोर्ट ने मध्यप्रदेश के पैरामेडिकल काउंसिल के चेयरमैन और रजिस्ट्रार को पक्षकार बनाने के निर्देश दिए हैं। अगली सुनवाई हाईकोर्ट ने 16 जुलाई को तय की है। लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन द्वारा दाखिल की गई नर्सिंग मामले की जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर शुक्रवार को एक और आवेदन पेश किया गया। जहां हाईकोर्ट को बताया गया कि नर्सिंग की तरह पेरामेडिकल कोर्स को लेकर भी मध्यप्रदेश में फर्जीवाड़ा व्याप्त है। एमपी पैरामेडिकल काउंसिल के द्वारा गुजरे हुए सत्रों 2023-2024 एवं 2024-2025 की मान्यता बिना किसी जांच के प्रभाव के कारण बांट दी गई है।

इतना ही नहीं बगैर असम्बद्धता प्राप्त किए सरकारी तथा निजी पैरामेडिकल कॉलेजों के द्वारा अवैध रूप से छात्रों के प्रवेश दिए जा रहे हैं और नर्सिंग घोटाले की जांच में जिन कॉलेजों को सीबीआई ने अनसूटेबल बताया है उन्हीं बिल्डिंग में पैरामेडिकल काउंसिल अब पैरा मेडिकल कॉलेजों की मान्यता बांट रही है।



मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने आवेदन पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए अलग से दिए गए आवेदन को जनहित याचिका के रूप में पंजीबद्ध करने के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट ने इस गंभीर विषय पर स्वतः संज्ञान लेते हुए मध्यप्रदेश पैरामेडिकल काउंसिल के चेयरमैन व रजिस्ट्रार को पक्षकार बनाने के निर्देश दिए हैं।

बता दें मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री डॉ. राजेंद्र शुक्ला, पैरामेडिकल काउंसिल के पदेन चेयरमैन हैं। बहरहाल अब इस मामले की अगली सुनवाई सभी नर्सिंग मामलों के साथ 16 जुलाई को होगी।

राष्ट्रबाण
सिवनी, रविवार 13 जुलाई 2025

बैतूल राष्ट्रबाण

● मुलताई ● बैतूल बाजार ● आमला ● भैंसादंड ● सारणी ● बोरदई ● आठनेर

# कैबिनेट मंत्री पटेल ने बेल और माचना नदी उद्गम स्थलों पर की पूजा-अर्चना

## ग्रामीणों से संवाद कर सुनी समस्याएं, संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

### प्रदेश की सुख-समृद्धि की प्रार्थना कर जल संरक्षण का दिया संदेश





**बैतूल। राष्ट्रबाण**

**मध्यप्रदेश** शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने शनिवार को आमला जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत अंबाडा स्थित बेल नदी के उद्गम स्थल पर विधिवत पूजा-अर्चना कर दर्शन किए। इसके पश्चात वे हसलपुर पहुंचे, जहां उन्होंने मां माचना नदी के उद्गम स्थल पर भी पूजा कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मंत्री श्री पटेल ने कहा कि नदी का उद्गम स्थल ऊर्जा का केंद्र होता है। हमारे पूर्वजों ने हमें जो प्रकृति संरक्षण की सीख दी है। हमें उसका पालन करते हुए अपने जल स्त्रोतों को सहेजना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने नदियों के जल से तो सरोकार रखा है, परंतु उनके स्त्रोतों की अनदेखी की है। जल स्त्रोतों के सूखने के पीछे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई एवं मनुष्य के स्वार्थ प्रमुख कारण है। जल स्त्रोतों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है, यह कार्य हमें अगली पीढ़ी के लिए करना होगा। इस दौरान मंत्री श्री पटेल ने ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ की भी सराहना की और नदियों को दूषित नहीं करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधारोपण किए जाने के लिए आमजन को प्रेरित किया।

### मंत्री श्री पटेल ने ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं

कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री पटेल ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आमला विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष व राज्य मंत्री दर्जा मोहन नागर, श्री सुधाकर पवार, जनपद पंचायत आमला अध्यक्ष गणेश यादव, रामकिशोर देशमुख, प्रदीप ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ अक्षत जैन, सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# सारनी की गलियों में फल-फूल रहा सट्टेबाजी का जाल

## गुल्लू और पुरण पर लगे गंभीर आरोप



**सारनी। राष्ट्रबाण**

**एक** समय में कोयला उत्पादन और श्रमिक आंदोलन के लिए पहचान रखने वाला सारनी शहर अब बेरोजगारी और अवैध धंधों का पर्याय बनता जा रहा है। यहां गली-गली में फैलता सट्टेबाजी का नेटवर्क प्रशासनिक और राजनीतिक संरक्षण के सहारे लगातार फैल रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, स्थानीय स्तर पर गुल्लू और पुरण नामक युवक सट्टा कारोबार का संचालन कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि इनके संरक्षक खुद राजनीतिक रूप से प्रभावशाली व्यक्तित्व हैं, जिनके इशारे पर यह पूरा खेल संचालित हो रहा है।

बताया जा रहा है कि एक विधायक प्रतिनिधि को हर महीने तीस हजार रुपये की ÷सेवा राशि÷ दी जाती है, जिससे इस अवैध कारोबार को हरी झंडी मिलती है। इसी वजह से स्थानीय पुलिस को या तो इसकी जानकारी नहीं है, या वह जानबूझकर आंखें मूंदे हुए है।

पुलिस थानों और चौकियों के आसपास ही इन सटोरियों का ÷गणित÷ इतना मजबूत होता है कि वे खुलेआम अपनी ÷कोचिंग÷ चलाते हैं, और कोई रोकने वाला नहीं होता। स्थानीय सूत्रों का दावा है कि इन माफियाओं द्वारा नेताओं को नियमित हिस्सा दिया जाता है, जिससे उन्हें राजनीतिक सुरक्षा प्राप्त होती है।

बताया जाता हैं कि सारनी में इनका बॉस ओएसएस तो गुल्लू पाथाखेड़ा से शोभापुर की गलियों में सक्रिय है, जबकि पुरण बगडोना क्षेत्र में अपनी गतिविधियां संचालित कर रहा है। शहर की स्थिति यह हो गई है कि यहां जुआ, सट्टा और शराब ही कुछ लोगों के लिए कमाई का मुख्य साधन बन चुके हैं।

जब तक यह काला धन स्थानीय राजनीति को पोषण देता रहेगा, तब तक सारनी की सड़कों पर ये सट्टा के सौदागर खुलेआम अपना खेल खेलते रहेंगे। और अफसोसजनक रूप से, इनका विरोध करने वाला कोई नहीं है।

# ट्रैक्टर दिलाने के नाम पर युवक से 80 हजार की ठगी

## जयस प्रदेश संयोजक जामवंत सिंह कुमरे ने एसपी से की शिकायत, आरोपी पर कार्रवाई की मांग



**बैतूल। राष्ट्रबाण**

**ट्रैक्टर** दिलवाने के नाम पर एक किसान से एक लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। इस गंभीर मामले में पीड़ित ने बैतूल एसपी से शिकायत की है। पीड़ित की शिकायत पर जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) के प्रदेश संयोजक जामवंत सिंह कुमरे ने भी एसपी से मिलकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम पंचायत टिटवी निवासी 38 वर्षीय कमलसिंह उईके पिता बिशन उईके ने चिचोली तहसील के ग्राम बीरपुर निवासी रामसिंग यादव पिता रामजी यादव पर ट्रैक्टर सौदे के नाम पर धोखाधड़ी करने का यह गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित कमलसिंह उइके ने बताया कि अगस्त 2024 में उसने रामसिंग यादव से सेकंड हैंड एचएमटी ट्रैक्टर मुंडा का सौदा 2 लाख 60 हजार रुपये में तय किया था। ट्रैक्टर की डिलीवरी देने के नाम पर रामसिंग यादव ने कमलसिंह से 26 हजार रुपये नकद लिए और बाद में फोन पे के माध्यम से 53 हजार 500 रुपये और लिए।

कमलसिंह उइके के अनुसार उसने 1 अगस्त 2024 को 26 हजार रुपये नकद दिए, 9 अगस्त को 500 रुपये फोन पे से, 27 सितंबर को क्रमशः 20 हजार और 25 हजार रुपये, 4 अक्टूबर को तीन बार में 5 हजार, 5 हजार और 2500 रुपये तथा 5 अक्टूबर को 5 हजार रुपये फोन पे के माध्यम से दिए। इस तरह कुल 79 हजार 500 रुपये ट्रैक्टर के एवज में अदा किए गए, लेकिन न तो आज तक ट्रैक्टर मिला और न ही रकम वापस की गई।

### पैसे वापस मांगने पर धमकाया

कमलसिंह उइके ने बताया कि जब उसने रामसिंग यादव से संपर्क कर ट्रैक्टर या पैसे वापस देने की बात की, तो उसने ने जाति सूचक अपशब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौच की और यहां तक कहा कि जो करना है कर ले, न ट्रैक्टर दूंगा, न पैसे। पीड़ित ने इस पूरे मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए कानूनी कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की है। जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) के प्रदेश संयोजक जामवंत सिंह कुमरे ने भी एसपी से पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग की है। कमलसिंह उइके ने कहा कि उसने बड़ी उम्मीद से ट्रैक्टर खरीदने के लिए पैसे जुटाए थे, लेकिन अब वह ठगी का शिकार हो गया है। आवेदक ने रामसिंग यादव के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है, ताकि उसकी राशि वापस मिल सके और ऐसे ठगों पर अंकुश लगे।

# हाई प्रोफाइल रविन्द्र देशमुख सुसाइड केस

## रंजीत सिंह, प्रकाश शिवहरे, दीपक शिवहरे को आरोप मुक्त किया


रंजीत सिंह।


दिपक शिवहरे।


प्रकाश शिवहरे।

**बैतूल। राष्ट्रबाण**

**हाईप्रोफाइल** रविन्द्र देशमुख आत्महत्या कांड में 11 जुलाई, 2025 को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर में माननीय न्यायमूर्ति श्री देवनारायण मिश्रा के समक्ष आपराधिक पुनरीक्षण संख्या 2615/2025 ,2724/2025 आवेदक दीपक शिवहरे प्रकाश शिवहरे ,रंजीत सिंह विरुद्ध मध्य प्रदेश राज्य और अन्य पर उपस्थिति एस.आर. ताम्रकार - वरिष्ठ अधिवक्ता, रजनीश कुमार पांडे,अंकित चोपड़ा ,हिमांशु तिवारी ,आवेदक के वकील एवं राज्य के सरकारी वकील प्रमोद कुमार पाण्डेय पर सुनवाई की रंजीत सिंह, प्रकाश शिवहरे, दिपक शिवहरे ने पुनरीक्षण याचिकाएं प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बैतूल, जिला-बैतूल (म.प्र.) द्वारा एस.टी. क्रमांक 07 में भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 108 सहपठित 3(5) के तहत आवेदकों के खिलाफ दिनांक 09.05.2025 को आरोप तय करने के आदेश से खिलाफ माननीय जबलपुर उच्च न्यायालयमें दायर में दायर की गई हैं। जिस पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बताए गए सभी तथ्यों और कानूनों को देखते हुए, भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 3(5) के साथ धारा 108 के तहत आवेदकों पर मामला नहीं बनता है।ट्रायल कोर्ट ने इन आवेदकों के खिलाफ गलत तरीके से आरोप तय किए हैं, इसलिए, आवेदकों अर्थात् रंजीत सिंह, प्रकाश शिवहरे और दीपक शिवहरे को भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 3(5) के साथ धारा 108 के तहत आरोप से मुक्त कर दिया गया है और उन्हें प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, बैतूल (म.प्र.) के समक्ष लंबित एस.टी. क्रमांक 07/2025 में उपरोक्त अपराध से मुक्त कर दिया गया है।

गौरतलब है कि बैतूल जिले के हाई प्रोफाइल रविंद्र देशमुख सुसाइड केस में पाथाखेड़ा पुलिस चौकी द्वारा सुसाइड नोट के आधार पर अपराध क्रमांक 444/2024 में 14 लोगो को आरोपी बनाया गया था उक्त प्रकरण में आरोपियो को सुप्रीम कोर्ट तक के चक्कर काटने पड़े अतः रंजीत सिंह प्रकाश शिवहरे दिपक शिवहरे को उक्त मामले में आरोप मुक्त किया गया है।

### इनका कहना

मेरे ऊपर लगाया गया सभी आरोपो को निराधार मानते हुए माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर ने रविंद्र देशमुख सुसाइड केस सें आरोप मुक्त किया है मेरे द्वारा पहले दिन से ही उक्त मामले में सीबीआई, सीआईडी जांच की मांग की जा रही थी क्योंकि मरे उपर लगाए गए आरोप निराधार और बेबुनियाद थे।

**– रंजीत सिंह**

मृतक रविन्द्र देशमुख ने सुसाइड नोट में काल्पनिक बातों का जिक्र कर मिथ्या आरोप लगाए थे जिस को आधार मानकर पुलीस चौकी पाथाखेड़ा में हमारे खिलाफ धार 108,3(5) का प्रकरण दर्ज किया था जिस पर प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बैतूल द्वारा हमारे खिलाफ आरोप तय किये थे जिसके खिलाफ हमारे द्वारा माननीय हाई कोर्ट जबलपुर में अपील की माननीय उच्च न्यायालय ने उक्त मामले से आरोप मुक्त किया है

**– प्रकाश शिवहरे**

हमारे उपर लगाए गए आरोप निराधार थे माननीय जबलपुर न्यायालय ने सारे आरोपो से दोष मुक्त कर दिया है।

**– दीपक शिवहरे**

# स्टाप डायरिया केम्पेन सह दस्तक अभियान के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घोड़ाडोंगरी की एलएचव्ही एवं एएनएम को दिया प्रशिक्षण

**बैतूल। राष्ट्रबाण**

**स्टाप** डायरिया केम्पेन सह दस्तक अभियान के लिए शनिवार को पुराना एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र टिकारी बैतूल में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घोड़ाडोंगरी की एलएचव्ही एवं एएनएम के लिये प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि दस्तक अभियान सह डायरिया अभियान का प्रथम चरण 22 जुलाई से 16 सितम्बर 2025 की अवधि में किया जाना है। अभियान में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं के संयुक्त दल द्वारा 5 वर्ष तक बच्चों की चिकित्सकीय जांच एवं आवश्यक उपचार, प्रबंधन किया जाएगा ताकि बाल मृत्यु दर को रोका जा सके। इस दौरान बच्चों में वाली मुख्य बाल्यकालीन बीमारियां की सक्रिय पहचान एवं प्रबंधन बच्चों में गंभीर कुपोषण, एनीमिया, निमोनिया, निर्जलीकरण, संक्रमण की पहचान, त्वरित उपचार एवं आवश्यकतानुसार रेफरल के साथ-साथ उन्हें विटामिन-ए का घोल पिलाना, ओआरएस पैकेट एवं जिंक टेबलेट का वितरण सेवा प्रदायगी की जायेगी।

सीएमएचओ डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने उपस्थित एलएचव्ही, एएनएम को निर्देशित किया कि दस्तक अभियान में सभी पात्र 5 वर्ष के बच्चों की सम्पूर्ण जांच की जाए। जिले में मातृ-मृत्यु को रोकने के हर संभव प्रयास करें।गर्भावस्था से प्रसव पश्चात तक आवश्यक जांच और उपचार के साथ समय पर फॉलोअप सुनिश्चित करें।

# जिले में अभी तक 342.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**बैतूल। राष्ट्रबाण**

जिले की औसत वर्षा 1083.9 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 342.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 228.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 12 जुलाई 2025 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 1.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 12 जुलाई 2025 को प्रात: 8 बजे तक तहसील बैतूल में 3.2, घोड़ाडोंगरी में 9.0, चिचोली में 2.0, शाहपुर में 3.0, मुलताई में 0.0, प्रभात पट्टन में 0.0, आमला में 1.0, भैंसदेही में 0.0, आठनेर में 0.0. तथा भीमपुर में 0.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# अधिकारी-कर्मचारियों को दिखाई गई सितारे जमीन पर

## मानसिक दिव्यांगजनों के प्रति सकारात्मकता तथा कर्मचारियों मे आनंद और ऊर्जा का संचार बढ़ाने बैतूल कलेक्टर की अभिनव पहल



**बैतूल। राष्ट्रबाण**

**कलेक्टर** नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की पहल पर कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मानसिक दिव्यांग जनों के प्रति सद्भावना एवं संवेदनशीलता विकसित करने के लिए प्रसिद्ध प्रेरणादायक फिल्म सितारे जमीन पर दिखाई गई। यह विशेष आयोजन जिला मुख्यालय स्थित कांति शिवा टॉकीज में सम्पन्न हुआ।

फिल्म प्रदर्शन के दौरान अपर कलेक्टर राजीव नंदन श्रीवास्तव सहित कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस पहल का उद्देश्य मानसिक रूप से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों और व्यक्तियों के साथ करुणा, समझदारी और सहयोगपूर्ण व्यवहार को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम के बाद कई अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि फिल्म ने उन्हें मानसिक दिव्यांग जनों की चुनौतियों को समझने और उनके प्रति सहानुभूति रखने के लिए प्रेरित किया। जिले में इस तरह का नवाचार पहली बार कलेक्टर के माध्यम से किया गया है, जिसमें न केवल फिल्म के माध्यम से दिव्यांग जनों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होगा, बल्कि कर्मचारियों को अपने पारिवारिक अनुभवों से जोड़ते हुए शासकीय कार्यों में भी एक नई ऊर्जा और आनंद की अनुभूति होगी।

## आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

# 175 लीटर शराब जब्त, 800 किलो महुआ लाहन नष्ट



**बैतूल। राष्ट्रबाण**

**जिले** में अवैध शराब के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए आबकारी विभाग ने एक बार फिर बड़ा अभियान चलाया। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के सख्त निर्देशों और जिला आबकारी अधिकारी अंशुमान सिंह चढ़ार के मार्गदर्शन में बैतूल जिले में दबिश कार्यवाही कर कई गांवों में अवैध शराब के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई।

11 जुलाई को आबकारी वृत्त बैतूल की टीम ने ग्राम जगधर, हनोतिया, सदर, मरामझिरी और बगवाड़ में संयुक्त दबिश कार्रवाई की। इस दौरान मरामझिरी गांव में फरार आरोपित शेरसिंह परते के मकान में छापा मारकर 90 लीटर हाथ भट्ठी से बनी महुआ शराब जब्त की गई। इस मामले में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। कुल मिलाकर 175 लीटर अवैध शराब जब्त की गई तथा 800 किलोग्राम महुआ लाहन मौके पर नष्ट किया गया, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 1 लाख 6 हजार 250 रुपये आंका गया है।

इस बड़ी कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी लीला मुकाती, आबकारी उप निरीक्षक राजेश वट्टी (वृत्त प्रभारी), उपनिरीक्षक दिलीप भादे, पंकज लोखंडे, पूजा मालवी, समस्त आबकारी आरक्षक और नगर सैनिकों की टीम ने भाग लिया। जिला प्रशासन और आबकारी विभाग द्वारा यह अभियान आगे भी इसी तरह जारी रखा जाएगा ताकि जिले में अवैध शराब निर्माण और बिक्री पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सके।

राष्ट्रबाण
सिवनी, रविवार 13 जुलाई 2025

# बालाघाट राष्ट्रबाण



**गंभीर रूप से घायल पिता-पुत्री गोंदिया रेफर**

## सिरफिरे आशिक ने युवती और उसके पिता पर किया चाकू से हमला


चाकू से हमला में घायल हुई युवती।


घायल पिता को अस्पताल ले जाते लोग।

बालाघाट। राष्ट्रबाण

जिले के वारासिवनी थाना क्षेत्र के बुदबुदा गांव से शनिवार को रोंगटे खडें कर देने वाली वारदात सामने आई, जहां एक सिरफिरे युवक ने एक तरफा प्यार व शादी टुटने के गम में युवती और उसके पिता पर चाकू से जानलेवा हमला कर उन्हे लहूलुहान कर दिया। हालांकि इस वारदात से पूरा गांव सहम गया है।

मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर में सिरफिरे आशिक ने एक युवती की चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी थीं, ठिक उसी प्रकार की वारदात बालाघाट के वारासिवनी थाना के बुदबुदा गांव से सामने आई हैं, जहां युवती को मौत के घाट उतारने के लिए पहले उसके गले पर धारेधार चाकू से हमला किया और फिर उसके पिता पर चाकू से हमला किया। युवक यहीं नहीं रूका, उसने पूरे परिवार को ही मौत के घाट उतारने की मंशा से परिवार के एक-एक कर चार लोगों पर हमला कर घटना को अंजाम दिया। इस वारदात में युवती और पिता दोनों की हालात गंभीर बताई जा रहीं हैं, जहां वारासिवनी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बालाघाट जिला अस्पताल व आगे गोंदिया रिफर कर दिया गया हैं। इस घटना में आरोपित युवक धनेन्द्र ठाकरे उम्र 23 वर्ष ने बस्तीराम राणा उम्र 50 वर्ष, बेटी सीमा राणा उम्र 23 वर्ष, दादी चूरन राणा 92 वर्षीय और बालक अभी पटले 3 वर्षीय पर हमला कर घायल किया हैं। इधर, वारासिवनी पुलिस पुरे घटनाक्रम को लेकर जांच में जुट गई हैं।

जानकारी अनुसार, शनिवार सुबह करीब 11 बजे सिरफिरा आशिक सावंगी निवासी धनेंद्र ठाकरे 23 वर्षीय अचानक बुदबुदा निवासी 50 वर्षीय किसान बस्तीराम राणा के घर में घुस गया और घर में बर्तन साफ कर रही 23 वर्षीय युवती सीमा राणा को जबरदस्ती किचन रूम में लाकर उस पर शादी का दबाव बनाने लगा, लेकिन युवती द्वारा विरोध किया गया। इस दौरान युवती की दादी ने भी युवक के जबरन घर मे घुसने का विरोध किया, तो युवक इतना उत्तेंजित हो गया कि उसने युवती की 92 वर्षीय दादी चूरनबाई राणा और 03 वर्षीय मासूम भांजे अभी पटले के साथ भी मानवता को ताक पर रखकर मारपीट की, जिससे बुजुर्ग महिला और मासूम बच्चे को भी मामूली चोटें आई हैं। वही आक्रोशित होकर युवक ने किचन में रखे चाकू से युवती की गर्दन पर वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गई और किसी तरह युवक के चंगुल से छूटकर पड़ोसी के घर मे भाग गई। इस घटना के तुरंत बाद युवती के पिता बस्तीराम राणा भोजन करने घर आए तो उन्होने घर के सामने आरोपित युवक धनेंद्र को देखा, तो उन्होंने आक्रोशित होकर उसे जाने के लिए कहा। जिस पर गुस्साए युवक ने युवती के पिता के सिर पर चाकू और डंडे से हमला कर लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गया। जहां घटना की चीख पुकार सुनकर पडोसी जमा हुए और तत्काल वारासिवनी पुलिस को घटना की सूचना दी। जिस पर तत्काल 108 एम्बुलेंस वाहन ने मौके पर पँहुचकर दोनो घायलों को वारासिवनी अस्पताल लाया, जहाँ से उन्हें प्राथमिक उपचार बाद दोनो पिता-पुत्री की नाजुक हालत को देखते हुए तत्काल उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जाता हैं कि आरोपित युवक धनेंद्र ठाकरे नागपुर में प्लम्बर का कार्य करता हैं और युवती का भाई उसके साथ ही काम करता हैं। आरोपी धनेन्द्र और पीड़ित राणा परिवार दोनो आपस में रिश्तेदार भी हैं।

परिजनों की माने तो बेटी को चाकू मारने वाला युवक उनका रिश्तेदार हैं जो उनकी बेटी से विवाह करना चाहता था जिसके लिए हम लोग भी शहर्ष राजी थे लेकिन परिवार में एक साथ दो विवाह हों जाने की वजह से वे तीसरा विवाह जल्द कराने की स्थिति में नही थे इसलिए हमने उसे इंतजार करने के लिए कहा था जिस पर वह भी राजी हो गया था लेकिन बीते जनवरी माह में बालाघाट में युवती जिस प्रतिष्ठान में कार्य करती थी वहां जाकर उसने उपद्रव करने के बाद युवती जहाँ किराए से रहती थी वहाँ भी रात्रि में उसे प्रताड़ित करने पँहुच गया था। लेकिन मकान मालिक द्वारा उसे डाँटा गया तो वहीं पर उसने शरीर पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी जिसे मकान मालिक ने किसी तरह बुझाया था जिसके बाद युवक खुद ही जिला अस्पताल पँहुचकर भर्ती हो गया। जिसके बाद से परिवार ने उक्त युवक से सारे सम्बंध तोड़ लिए थे और युवती को भी वापस घर बुला लिया था जिसके बाद आज आरोपी युवक ने युवती के घर मे घुसकर इस गम्भीर घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद मौके पर पँहुची पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शियों से बयान लेकर आरोपित के विरुद्ध बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपित की सरगर्मी से तलाश कर रही हैं।

## कोरोना में बंद लोकल ट्रेनें 15 जुलाई से फिर होगी शुरू

### गोंदिया-कटंगी और तुमसर-बालाघाट रूट पर चार डेमो ट्रेनें चलेंगी



बालाघाट। राष्ट्रबाण

बालाघाट में कोरोना के समय से बंद ट्रेने फिर से शुरू होने वाली है। शनिवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने कोरोनाकाल से बंद लोकल ट्रेनों को फिर से शुरू करने का आदेश जारी किया है। यह सेवा 15 जुलाई से शुरू होगी। इससे बालाघाट जिले के रेल यात्रियों को राहत मिलेगी।

**गोंदिया से कटंगी रूट पर चार डेमो ट्रेनें चलेंगी**

गोंदिया से रात 10 बजे और दोपहर 2.45 बजे कटंगी के लिए ट्रेनें रवाना होंगी। वहीं कटंगी से सुबह 6 बजे और शाम 5 बजे गोंदिया के लिए ट्रेनें चलेंगी। तुमसर-बालाघाट रूट पर भी सुविधा शुरू होगी। तुमसर से सुबह 10 बजे और बालाघाट से दोपहर 3 बजे ट्रेन चलेगी।

**ज्यादा किराया देकर बस यात्रा करते थे लोग**

इन ट्रेनों के बंद होने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। खासकर गोंदिया-कटंगी रूट पर रात में ट्रेन नहीं होने से लोगों को अधिक किराया देकर बस से यात्रा करनी पड़ती थी। इन ट्रेनों से यात्रियों को गोंदिया से महाराष्ट्र, वंदे भारत, गीतांजली और भगत की कोठी जैसी लंबी दूरी की ट्रेनों की सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। जोनल रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य मोनिल जैन ने बताया कि सभी ट्रेनें पुराने समय पर ही चलेंगी। उन्होंने बालाघाट-गोंदिया परिचालन की समस्याओं से रेलवे महाप्रबंधक को अवगत कराया था। इसके बाद रेलवे ने ट्रेनें फिर से शुरू करने का फैसला लिया।

### सांसद ने दो मरीजों को दिलाई 90 हजार की आर्थिक सहायता

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू के निवेदन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि से छिन्दवाड़ा जिले के निवासी दो मरीजों को अपनी स्वेच्छानुदान निधि से 90 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। विदित हो कि अपनी व्यस्तता के बाद भी सांसद श्री साहू सेवा कार्य में लगे हुए है। सांसद श्री साहू को जानकारी मिली थी कि आर्थिक रूप से कमजोर दो मरीजों का आर्थिक तंगी के कारण उचित इलाज नही हो पा रहा है। जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने दोनो मरीजों के आवेदनों के साथ मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र भेजते हुए उनसे मरीजों को बीमारी के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत करने का निवेदन किया था।

## परिचर्चा, प्रश्न मंच के माध्यम से दिया गया संदेश

### विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



बालाघाट। राष्ट्रबाण

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र एवं सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो बालाघाट द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र बालाघाट में आयोजित किया गया। इस अवसर पर संगोष्ठी और प्रश्न मंच भाषण प्रतियोगिता आयोजित कर बढ़ती हुई जनसंख्या के दुष्परिणामों के बारे में विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर आरसेटी बालाघाट के डायरेक्टर श्री एस. बी. भोडेकर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री प्रतिभा टेंभरे, फैकेल्टी श्रीमति अनीता चौधरी, इकाई प्रभारी अजय बैस , शिवम कटरे सहित प्रशिक्षणार्थियों महिलाओं की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी अजय बैस ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं बढ़ती हुई जनसंख्या के परिणाम पर परिचर्चा के माध्यम से बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य,पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों पर इसका असर पढ़ रहा है। जागरूकता कार्यक्रम एवं संचार गतिविधियों के माध्यम से आगे आने वाली पीढ़ी को इसके बारे में बताया जा रहा है। इस अवसर पर आरसेटी निदेशक श्री एस.बी. भोंडेकर,वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मास्टर ट्रेनर प्रतिभा टेंभरे, अनीता चौधरी ने भी महिला मुद्दे एवं समाज में हो रहे सामाजिक बदलाव पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि जागरूकता के भाव में समाज में तेजी के साथ जनसंख्या वृद्धि हुई और अब नई पीढ़ी जनसंख्या वृद्धि के परिणाम को देख रहे हैं ।कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों ने अपने अनुभव रखें कि पहले किस तरीके से लिंग भेद था और जागरूकता के कारण बेटा, बेटियों में कोई फर्क नजर नहीं आ रहा है। इस अवसर पर परिसर में पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में फैकेल्टी अंकित लिलहरे , शिवम कटरे सहित प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## एनसीसी कैडेट के द्वारा स्टेशनरी का वितरण किया गया

बिछुआ। राष्ट्रबाण

24 एम पी बटालियन एनसीसी छिन्दवाड़ा के अंतर्गत कर्नल थॉमस ओमन के निर्देशन एवम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.पी.यादव एवं आईक्यूएसी संयोजक डॉ.अजीत डेहरिया के मार्गदर्शन में मेजर अमित ठेंगे के शहीद दिवस के उपलक्ष्य पर प्राथमिक शाला नजर पूरा मे 21 एनसीसी कैडेट्स, शिवानी डेहरिया, अंजना धुर्वे, शबनम चौधरी, रीना साहू, महिपाल भलावी, यशवंत कुमरे, नंदकिशोर, सपना कुमरे, सपना धुर्वे, दीपक धुर्वे, राहुल अंजना बट्टी, पूजा चौधरी, गोरी टांडेकर, रागिनी नागवंशी सुमित साहू,गौतम अवथरे, महाविद्यालय के छात्र/छात्रा आदि के द्वारा पहली से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को पाठन एवं लेखन से संबंधित सामग्री पेन, पेंसिल, रबर, स्केल,पहाड़ा, पुस्तक, कॉपी आदि का वितरण किया गया एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट रघुवीर उइके ने बताया कि बच्चे स्टेशनरी का सामान पाकर बहुत खुश थे सामग्री वितरण में स्कूल की प्रधानाध्यापक श्रीमती अनीता कड़वे एवं श्रीमती वेणुका कुलकर्णी शिक्षिका तथा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ.अनिल कुमार अहिरवार एवं खेल अधिकारी डॉ.नीरज खंडागले की अहम भूमिका रहीइआयोजन सफलतापूर्वक संपन्न होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.पी.यादव एवं अधिकारी,कर्मचारियों ने एनसीसी कैडेट को बधाई दी।

## सांसद ने 42 परिवारों को दी 1 लाख 80 हजार की सहायता

### सांसद कार्यालय छिन्दवाड़ा में दोनों जिलों के हितग्राहियों को सांसद ने वितरित किये चैक

छिंदवाड़ा। राष्ट्रबाण



सांसद बंटी विवेक साहू हर उस व्यक्ति की जरूरत पूरी कर रहे है, जो उनके समक्ष अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए आर्थिक सहायता की गुहार लगा रहे है। इसी कड़ी में शनिवार 12 जुलाई को सांसद कार्यालय में छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा के 42 परिवारों को सांसद श्री साहू ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि से 1 लाख 80 हजार की सहायता राशि के चैक वितरित किये। चैक पाकर सभी के चेहरों पर खुशी देखी गई।

सांसद श्री साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा है कि हर जरूरतमंद लोगों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाये। इसी मंशा को पूरा करते हुए छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के हर जरूरतमंद लोगों की हर संभव मदद की जा रही है। उल्लेखनीय है कि सांसद श्री साहू लगातार छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले का दौरा कर रहे है। इस दौरान आर्थिक रूप से कमजोर परिवार द्वारा सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देकर आर्थिक सहायता के लिए निवेदन किया जा रहा है। जिसे गंभीरता से लेते हुए लगभग सभी के आवेदनों पर विचार करते हुए उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सांसद श्री साहू के समक्ष पहुंचे आर्थिक सहायता के आवेदनों में इलाज, स्कूलों एवं कॉलेजों की फीस सहित अन्य मामले शामिल है। उक्त राशि के चैक मिलने पर हितग्राहियों ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि इस राशि से उनकी जरूरतें पूरी हो जायेगी। गौरतलब है कि सांसद श्री साहू इसके पूर्व भी सांसद कार्यालय छिन्दवाड़ा सहित सौंसर एवं पांढुर्णा दौरे के दौरान कई हितग्राहियों को अपनी स्वेच्छानुदान निधि से लाखों की सहायता राशि दे चुके है। इस अवसर पर भाजपा के छिंदवाड़ा प्रभारी संतोष पारिख, जगेन्द्र अल्डक, संतोष पटेल,विष्वेन्द्र बैस सहित अन्य पधादिकारी और हितग्राही उपस्थित थे।

**खेत में जाकर किया गया मिनीकिट का वितरण**

## बड़बोला में किसानों को बीज उपचार औषधि का किया गया वितरण

बालाघाट। राष्ट्रबाण



मध्य प्रदेश शासन की किसानों के लिए चलाई जा रहे योजनाओं का क्रियान्वयन करने के लिए दृढ़ संकल्पित उप संचालक कृषि बालाघाट श्री फूलसिंह मालवीय के दिशा निर्देशन में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी लालबर्रा के सहयोग से आंचल खोबरागड़े कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा दिनांक 11 जुलाई को बीज उपचार हेतु सरपंच श्रीमती नितेश्वरी रहांगडाले की उपस्थिति में देसु परते को औषधि किट का वितरण किया गया। जिसमें ग्राम की प्रमिला सहारे, उर्मिला सहारे, सुनीता उईके, वंदना कोहरे, दुर्गा कोहरे, खिलेन्द्र बोपचे, उमा शंकर बोपचे, धनराज खोबरागड़े एवं पटवारी श्रीमती टिकेश्वरी सोनवाने की उपस्थिति में किट का वितरण किया गया।

इसी प्रकार बड़टोला पंचायत चंदपुरी में जयशंकर उईके को औषधि किट का वितरण खेत में जाकर कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा किया गया । जहां पर पंच दिनेश उईके, सावन सिंह उईके, सोने सिंग उईके, मया शंकर उईके, नितेश मर्सकोले, आदित्य उईके की उपस्थिति में औषधि किट का वितरण किया गया। साथ ही समझाईश दी गई कि कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव कब और कैसे करना चाहिए जिससे फसलों की पैदावार अधिक से अधिक किसान उगा सकेगें।

## सांसद बंटी विवेक साहू ने बजरंग मित्र मंडल को प्रदान किया जनरेटर

छिंदवाड़ा। राष्ट्रबाण



सांसद बंटी विवेक साहू ने बजरंग मित्र मंडल चित्रशाला नागद्वारी मंडल छिन्दवाड़ा को अपने व्यक्तिगत सहयोग से चालिस हजार की लागत का एक जनरेटर सामाजिक कार्यक्रमो के लिए प्रदान किया। विधित हो की मंडल के पदाधिकारियों एवं क्षेत्र के निवासियों ने गत दिनों सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुये मंडल के लिए एक जनरेटर की मांग की थी। उक्त मांग को पूरा करते हूये सांसद श्री साहू ने मंडल को जनरेटर भेंट किया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता जगेन्द्र अल्ड़क एवं समिति के पदाधिकारीं चन्द्रशेखर चौबितकर, राजा पटेल, दिवाकर ठाकरे, योगेश चरपे, निलेश चरपें, भूपेन्द्र घोरके, सन्नी खंडागडे, मोनू गोखले, मनीष चौबितकर, नितेश यादव, धीरज ठाकरे, मोनू पाल, दिनेश दोड़के, विक्की लोखंडे, रित्तू यादव सहित समस्त बजरंग मित्र मंडल के सदस्य उपस्थित थे।

# सिवनी राष्ट्रबाण

● बरघाट ● छपारा ● धनोरा ● घंसौर ● केवलारी ● कुरई ● लखनादौन ● सिवनी ग्रामीण

सोनू पाराशर हत्या कांड...

# हत्यारों ने खोले राज, चाकू से मारा फिर लाश को पत्थर से बांध कर लगाया ठिकाने

## समलैंगिक संबंध और पैसा बना मौत का कारण!



मृतक सोनू पाराशर
हत्या के पीछे छूटे कई राज।



### समलैंगिक संबंध भी मानी जा रही वजह

सूत्रों के अनुसार भाजपा नेता सोनू पाराशर समलैंगिक संबंध में रूचि रखता था, आरोपियों से उसके समलैंगिक संबंध थे। आरोपी इस संबंध से छुटकारा चाहते थे लेकिन सोनू द्वारा इस संबंध के लिए आरोपियों पर दबाव बना रहा था। जिससे आरोपी परेशान थे और वह किसी भी हालात में इन सभी संबंधो से पीछा छुड़ाना चाहते थे। इन कारणों से आरोपियों ने सोनू पाराशर की हत्या की।

**सिवनी। राष्ट्रबाण**

**भाजपा** नेता सोनू पाराशर हत्या कांड को डूंडासिवनी पुलिस ने कुछ घंटो में ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने सोनू की हत्या की बात कबुली है। हत्या के कारण बताते हुए आरोपियों ने कई चौकाने वाले खुलासा किया है।

डूंडासिवनी पुलिस के अनुसार आरोपियों ने पैसे के लालच में इस हत्या को अंजाम दिया। घटना दिनांक 9 जुलाई को आरोपी ने भाजपा नेता को फोन कर कर बुलाया जिसके बाद उसे चाकू मार कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद सोनू के जेब से सात हजार रूपये निकाल कर बॉडी को बोरी से बांध कर रात्रि 12-1 बजे के लगभग तालिया में ठिकाने लगाया। बता दें की मृतक सोनू पाराशर के आरोपियों से पुरानी जान पहचान थी। आरोपियों को यह जानकारी की थी की सोनू के पास बड़ी रकम आने वाली है। पैसे के लालच में आरोपियों ने हत्या को अंजाम दिया।

## ग्रीष्मकालीन मूंग की खरीदी प्रारंभ

**बैतूल।** टूटे-फूटे, सुकड़े, बदरंगी, कुशी वाले स्कंद में निर्धारित मात्रा से अधिक होने पर या एफएक्यू क्वालिटी के मपदंडों को पूरा ना करते हो, ऐसे उपज को ना खरीदे। यदि संचालक ऐसे उपज को खरीदते हैं तब ऐसी स्थिति मे गोदाम संचालकों की जिम्मेदारी बनती है। नाफेड क्लस्टर हेड भोपाल के डी. एस. मुटेकर ने यह महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार ही छोटे एवं खोखले दाने 4, नमी 12, कच्चे कुंभले दाने तीन, आशिक क्षतिग्रस्त दाने चार, क्षतिग्रस्त दाने तीन, फ़ीसदी से अधिक नहीं होने चहिए। मूंग हेतु शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य की दर 8682 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित की गई है। मध्य-प्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्रालय भोपाल विपणन वर्ष 2025- 26 हेतु ग्रीष्मकालीन मूंग की उपज के उपार्जन हेतु प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को बैतूल के उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास कार्यालय के सभागृह में रखी गई थी।

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा टी.वी. स्क्रिनिग केम्प का आयोजन



**सिवनी। राष्ट्रबाण**

**आज** दिनांक 12 जुलाई 2025 को नगर पालिका के मानस भवन में स्वास्थ्य विभाग सिवनी द्वारा द्वारा टी.वी. स्क्रिनिग केम्प आयोजित किया गया जिसमें निकाय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया वहीं अन्य 04 नागरिकों जिन्हे टीवी रोग है नगर पालिका कार्यालय अधीक्षक हरीश पराते एवं प्रभारी सहायक राजस्व निरीक्षक निर्मल अवधिया द्वारा टी.वी. के मरीजों को स्वास्थ्य उपचार संबंधी किट प्रदान की गई। स्वास्थ परीक्षण शिविर में श्री राज पवमें स्वच्छता निरीक्षक, देवेन्द्र उइके, सहायक ग्रेड-3, अतीश चिंटोले एवं मनीष कश्यप सहित अन्य लोगो ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया शिविर में जांच हेतु स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

# नगर पालिका सिवनी ने 15 दुकानों को किया सील



**सिवनी। राष्ट्रबाण**

**आज** दिनांक 12 जुलाई 2025 को सीएमओ विशाल सिंह मस्कोले के निर्देश पर प्रभारी राजस्व निरीक्षक निर्मल अवधिया एवं महेश सोनी और अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी में नगरीय क्षेत्र में सदर काम्पलेक्स, बुधवारी बाजार एवं पुरानी सब्जी मंडी की कुल 15 दुकानों को सील करने की कार्यवाही की गई विदित होवे कि दुकानदारों द्वारा बकाया राशि तकरीबन 12 लाख रूपये जो कि निकाय कोष में जमा नहीं कराई गई थी जिसके कारण उक्त सील बंदी की कार्यवाही प्रस्तावित की गई है।

नगर पालिका सिवनी द्वारा इस संबंध में पूर्व में दुकानदारों को नोटिस देकर बकाया राशि जमा करने की चेतावनी दी गई थी किंतु निर्धारित समय में राशि जमा न करने पर यह पूरी कार्यवाही की गई। प्रातः सील की गई कुल 15 दुकानों में से दोपहर तक 02 दुकानदारों द्वारा कुल 01 लाख रूपये की राशि नगर पालिका में जमा कराई गई इसके पश्चात् उनकी दुकान की सील खोली गई। इस कार्यवाही के दौरान नपा के कर्मचारी सावन चौहान, सतीष रजक, प्रदीप विश्वकर्मा, नेहाल बाघमारें, सुनील बघेल, लक्ष्मीकांत लाहोरी, देवेन्द्र बेलजी उपस्थित रहें।

# दो दिन का जोश, फिर ढीली पड़ गई सुरक्षा की कोशिशें : भाजयुमो का दिखावा उजागर

## राजा बघेल पर हमले के बाद जागी भाजयुमो



**युवराज राहंगडाले**, जिलाध्यक्ष भाजयुमो : दो दिनों में जोश पड़ा ठंडा।



**वैभव पंवार**, प्रदेशाध्यक्ष भाजयुमो : चेले पर हुआ असर।

**सिवनी। राष्ट्रबाण**

**सिवनी** नगर के वाबरिया रोड़ में कुछ दिनों पूर्व कांग्रेस नेता राजा बघेल के साथ हुई बदसलूखी के बाद रात्रि के समय भाजयुमो के जिलाध्यक्ष युवराज राहंगडाले की टीम के द्वारा गस्त लगा कर दुकानदार और शाम को इवनिंग वॉक करने वालो की सुरक्षा का वादा किया गया। इस घटना के बाद पुलिस भी सक्रीय हुई और शाम से पुलिस की तैनाती और जाँच शुरू हुई। लेकिन यह जाँच और गस्त महज दो दिनों के बाद ही ठंडी पड़ गई।

बता दें की कांग्रेस नेता राजा बघेल के साथ हुई घटना से सिवनी नगर की कानून व्यवस्था को सवालों के कठघरे में खड़ा कर दिया, लोगो में आक्रोश देखने को मिला। जिसके बाद पुलिस ने घटना के बाद घटना स्थल पर रात्रि में जाँच दल खड़ा कर आने जाने वाले युवको से पूछताछ शुरू की तो भाजयुमो के जिलाध्यक्ष युवराज राहंगडाले मोर्चा के सदस्यों के साथ मिल कर दुकानदारों और लोगो को ढांढस बांधते हुए उनकी सुरक्षा में उनके सहयोगी होने की बात कर दो खूब तामझाम दिया।

लेकिन यह तामझाम महज दो दिन में ही गुमनाम हो गई। अब भाजयुमो के जिलाध्यक्ष अपने बड़बोलेपन के लिए चर्चा में है। लोगो का कहना है की यही हाल इनके प्रदेशाध्यक्ष वैभव पंवार का भी है। गाल बजाना और फिर शांत बैठ जाना भाजपा नेतानगरी की पुरानी फितरत है। इस क्षेत्र में पार्टी के नेता की हत्या होने के बाद एक बार फिर यह क्षेत्र में सनसनी फैला दी है।

# बीएलओ की जिम्मेदारी से त्रस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बैतूल। राष्ट्रबाण**

**महिला** और बाल विकास विभाग की रीढ़ कही जाने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आज खुद सिस्टम से त्रस्त हैं। एक तरफ शासन-प्रशासन उनके कंधों पर दर्जनों विभागों का काम लाद रहा है, वहीं दूसरी तरफ बीएलओ की जिम्मेदारी भी थोप दी गई है। अपने अधिकारों की रक्षा और अतिरिक्त कार्यों से मुक्ति की मांग को लेकर बैतूल की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अब लामबंद हो गई हैं।

ग्रामीण परियोजना की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार 10 जुलाई को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एकता यूनियन के संरक्षक कुंदन राजपाल के नेतृत्व में बैतूल एसडीएम मकसूद अहमद से मिला। उन्होंने गत दिनों निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बैतूल विधानसभा द्वारा जारी 82 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बीएलओ पद पर नियुक्त करने के आदेश को रद्द करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि हम महिला बाल विकास विभाग में मानदेय पर कार्यरत हैं और हमारे ऊपर पहले से ही इतने कार्यों का दबाव है कि हम शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित महसूस कर रहे हैं। विभाग की तरफ से पोषण ट्रैकर, ई-केवाईसी, एफआरएस, संपर्क एप, भोजन उपस्थिति दर्ज करना, कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराना, टीकाकरण, समग्र आईडी बनवाना, आधार अपडेट जैसे दर्जनों कार्य करवाए जा रहे हैं। इसके अलावा विभिन्न योजनाओं जैसे मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना में हितग्राहियों को बैंक ले जाकर डीबीटी और पीएनसीआई करवाना, गर्भवती महिलाओं के बैंक खाते खुलवाना जैसे कार्य भी दिए जा रहे हैं।



### केवाईसी का कार्य करवाने का दबाव

उन्होंने कहा कि पंचायत विभाग के सचिव और रोजगार सहायकों द्वारा भी अब केवाईसी का कार्य करवाने का दबाव डाला जा रहा है, जिससे परिवार को समय देना असंभव हो गया है। इस स्थिति में निर्वाचन कार्य बीएलओ का अतिरिक्त भार देना मानसिक शोषण जैसा है। यूनियन ने निर्वाचन आयोग नई दिल्ली और राज्य निर्वाचन पदाधिकारी से भी अनुरोध किया है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से बीएलओ का कार्य न लिया जाए। महिला बाल विकास मंत्रालय, वल्लभ भवन द्वारा भी निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल को पत्र भेजकर स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि महिला एवं बाल विकास की कार्यकर्ताओं से अन्य विभागीय कार्य नहीं लिया जाए। यहां तक कि उच्च न्यायालय जबलपुर ने भी बच्चों में कुपोषण को देखते हुए आदेश दिया है कि महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यकर्ताओं से अन्य विभागीय कार्य न करवाए जाएं। फिर भी शासन-प्रशासन के हिटलरशाही रवैये के कारण आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अपने मूल कार्यों के साथ-साथ अन्य विभागीय कार्यों के लिए बाध्य किया जा रहा है, जिससे वे मानसिक रूप से टूट रही हैं। यूनियन ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री से भी अपील की है कि उनका शोषण रोका जाए, न्यूनतम वेतन सुनिश्चित किया जाए और उन्हें शासकीय कर्मचारी का दर्जा दिया जाए।

# सार्थक संस्था ने किया पौधारोपण




**सिवनी। राष्ट्रबाण**

**सार्थक** पहल समाज कल्याण संस्थान ने ग्राम मरझोर में माता मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया। संस्था के सचिव रौनक श्रीवास्तव ने कहा कि प्रकृति हमें सब कुछ देती है और हम लगातार प्रकृति का दोहन कर रहे हैं इसलिए हमारी भी जवाबदेही है कि हम प्रकृति के लिए कुछ करें। इसी तारतम्य में सार्थक संस्था द्वारा यह पौधारोपण अभियान शुरू किया इस दौरान कोषाध्यक्ष अंकित ठाकर, शुभ्रांत श्रीवास्तव,विकास सनोडिया, प्रवीण सनोड़िया,यश श्रीवास्तव, निर्भय सनोदिया इत्यादि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय खिलाड़ी की असमय मौत की खबर सुनते ही विधायक हेमंत खंडेलवाल ने तुरंत भेजी मदद





**बैतूल। राष्ट्रबाण**

**बैतूल** के खेल जगत को उस वक्त गहरा आघात पहुंचा जब राष्ट्रीय स्तर के हॉकी खिलाड़ी शुभम् यादव के असमय निधन की खबर आई। जैसे ही यह सूचना फैली, पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई। इसी दुख की घड़ी में एक बार फिर विधायक हेमंत खंडेलवाल ने मानवीयता की मिसाल पेश की।

वरिष्ठ खिलाड़ी संघ के अध्यक्ष रमेश भाटिया ने जानकारी देते हुए बताया कि विधायक हेमंत खंडेलवाल खिलाड़ियों के दुख-सुख में सदैव साथ खड़े रहते हैं। उन्होंने बताया कि जैसे ही विधायक खंडेलवाल को यह समाचार प्राप्त हुआ कि बैतूल के राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी शुभम् यादव अब हमारे बीच नहीं रहे, उन्होंने बिना समय गंवाए तात्कालिक आर्थिक सहायता पहुंचाने का निर्णय लिया।

शुभम् यादव अपने परिवार में सबसे बड़े पुत्र थे और वही कमाने वाले भी थे। उनके जाने से पूरा परिवार आर्थिक और भावनात्मक संकट में है। ऐसी स्थिति में विधायक हेमंत खंडेलवाल ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत सहायता भिजवाने के निर्देश दिए हैं। भले ही वे इस समय बैतूल में मौजूद नहीं हैं, लेकिन उन्होंने फोन के माध्यम से संपर्क बनाकर सुनिश्चित किया कि मदद समय पर पहुंचे और परिवार को यह अहसास हो कि समाज और जनप्रतिनिधि उनके साथ हैं।

रमेश भाटिया ने आगे कहा कि विधायक हेमंत खंडेलवाल ने आर्थिक सहायता के साथ परिवार को यह आश्वासन भी दिया है कि भविष्य में किसी भी तरह की जरूरत पड़ी तो वे पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि हेमंत खंडेलवाल का यह मानवीय दृष्टिकोण और खिलाड़ियों के प्रति उनका समर्पण हम सभी खेल प्रेमियों के लिए प्रेरणा का विषय है। बैतूल के खेल परिवार ने इस पहल की सराहना करते हुए विधायक खंडेलवाल के प्रति आभार प्रकट किया है और कहा है कि ऐसे नेता ही वास्तव में समाज की रीढ़ होते हैं, जो बिना प्रचार की परवाह किए, मैदान में उतरकर मदद करते हैं।

# पीएम आवास योजना के तहत कराया गृह प्रवेश

**सिवनी।** आज दिनांक 11 जुलाई 2025 को नगर पालिका परिषद सिवनी के मानस भवन में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 अंतर्गत निर्मित आवसों का गृह प्रवेश एवं शहरी 2.0 के अंतर्गत नवीन आवासों हेतु पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम इंदौर स्थित ब्रिलयंट कन्वेशन सेंटर से प्रसारित किया गया जिसे प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी डॉ मोहन यादव जी द्वारा प्रदेश की जनता को प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों के गृह प्रवेश एवं स्वीकृति पत्र वितरण की सौगात दी गई।जिसमें सिवनी नगरपालिका नगरीय क्षेत्र अंतर्गत 51 हितग्राहियों के नवीन आवासों में गृह प्रवेश हुआ।

गड्ढों में तब्दील हुई खरसारू-थांवरी सड़क, निर्माण के 6 माह में ही बर्बादी

# 6 माह पुरानी सड़क उखड़ी: विभाग की लापरवाही उजागर

**सिवनी। राष्ट्रबाण**

**जिला** मुख्यालय अंतर्गत केवलारी विधानसभा के ब्लॉक धनोरा में ग्राम खरसारू से थांवरी (बड़ी) की नवनिर्मित सड़क महज लोकनिर्माण विभाग द्वारा 6 महा पूर्व ही बनाई गई थी। लेकिन अजब गजब बात किया है कि आज उस सड़क के परखच्चे उड़ गए है, लेकिन लोकनिर्माण विभाग के उच्चाधिकारी इस पुरे मामले से अनजान बने हुए है। जब ग्रामीणों के द्वारा बार बार इसकी शिकायत की गई तब महज रिपेरिंग का आश्वासन देकर पी.डब्लू.डी के अनुविभागीय अधिकारी और अभियंता अपना



पल्ला झाड़ लेते है, आम जनता को सिर्फ आश्वासन के सहारे लोग आस बांधे हुए है। लेकिन सोचने वाली बात यह है की मध्यप्रदेश में दिन प्रतिदिन सड़क निर्माण में हो रहे भ्रष्टाचार चर्चाएं और समाचार की सुर्खियां बनी हुए हैं। उसके बाद भी विभाग के उच्चाधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोए हुए है। इस प्रकार के आचरण से ऐसा लगता है कि ठेकेदार और अधिकारियों के बीच मोटी रकम का आदान-प्रदान होना प्रतीत होता है। शायद यही वजह है कि ठेकेदार के भ्रष्टाचार को जिम्मेदार अफसर नजर अंदाज कर घटिया निर्माण कार्य को हरी झंडी देते हुए ठेकेदार पर मेहरबान बने हुए है।

**कच्छे उड़े सड़क से ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी:** घटिया निर्माण में ठेकेदार की मनमानी और भ्रष्ट मंशा उजागर होती है। ठेकेदार की करतूत पर आखिर जिम्मेदार पल्ला क्यों झाड़ रहे है यह जांच का विषय है। सूत्रों की माने तो ठेकेदार द्वारा जिम्मेदार अफसरों को मोटी चढ़ोत्तरी चढाई गई है यह रकम कितनी बड़ी है इसकी जानकारी मौजूदा लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर हनुमते ही दे पाएंगे। जब राष्ट्रबाण द्वारा उनसे फोन के माध्यम से संपर्क करना चाहा तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। इससे यह प्रतीत होता है कि उनके पास बोलने के लिए कुछ भी नहीं है। विभाग के जिम्मेदार इंजीनियर जब कोई वीआईपी का आगमन होगा तब सड़क सुधार पर ध्यान देते है या फिर ये कोई बड़ा हादसे का इंतजार करते हैं। विभाग में भ्रष्टाचार चरम सीमा में हो रहा है। इस भ्रष्टाचार से अधिकारी कर्मचारी के साथ-साथ ठेकेदार भी फल फूल रहे हैं।

### गारंटी दरकिनार

सरकारी नियमों के मुताबिक किसी भी सार्वजनिक निर्माण कार्य के बाद उसके रख-रखाव की गारंटी होती है। गारंटी पीरियड में ठेकेदार निर्माण की सलामती को लेकर जिम्मेदार होता है। इसी गारंटी के आधार पर उसे भुगतान भी किया जाता है। ब्लॉक धनोरा में ग्राम खरसारू से थांवरी (बड़ी) सड़क के मामले में इस नियम का भी ध्यान नहीं रखा गया है। लिहाजा पहली बरसात के पहले ही सड़क ने हुए भ्रष्टाचार को आइना दिखा दिया है। ख़राब सड़क से ग्रामीण चलने को मजबूर है और विभाग रिपेयरिंग की बात कर रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433